संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

संताल परगना की आवाज

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकाशित

03 सितंबर 2026, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 337

Email-santalexpress20@gmail.com

# संताल एक्सप्रेस

जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।
स्वामी विवेकानंद

## आरक्षण में क्रीमी लेयर पर केंद्र को राहत नहीं पुराने आदेश पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



संवाददाता

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने आरक्षण में क्रीमी लेयर के मामले में केंद्र सरकार को कोई राहत देने से इनकार कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले पर अपने पुराने आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी पक्षों को 17 सितंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार ने क्रीमी लेयर मामले में उच्चतम न्यायालय से 11 मार्च के फैसले को पिछली तारीख से लागू न करने और इसे लागू करने के लिए दो साल का समय देने की मांग की है। केंद्र सरकार का कहना है कि इस फैसले का असर सरकारी नौकरियों, सर्विस और कैंसर आवंटन, सीनियरिटी, उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला और 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों पर पड़ सकता है।

केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि 11 मार्च के फैसले में स्पष्टीकरण दिया जाए क्योंकि इस फैसले को लागू करने से बड़े स्तर पर असर पड़ सकता है। इसके तहत उन उम्मीदवारों को भी गैर क्रीमी लेयर माना जा सकता है जिनके माता-पिता की आय अधिक है। केंद्र सरकार ने मांग की है कि इसके लिए दो साल का समय दिया जाए, ताकि इस दौरान उन पदों की समानता तय करने की जरुरी प्रक्रिया पूरी की जा सके।

### नीट-पीजी के 2,445 अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर नीट पीजी के 2,445 अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा कराने के फैसले को चुनौती दी गई है। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष याचिका को मेंशन करते हुए कहा गया कि इन अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा कराने का फैसला उच्चतम न्यायालय के पहले के आदेश का उल्लंघन है।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने इस याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की। तब कोर्ट ने कहा कि इससे जुड़े मामले पर जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली बेंच सुनवाई कर रही है इसलिए इस मामले को उसी बेंच के समक्ष मेंशन करें।

नीट पीजी 2026 की मुख्य परीक्षा 30 अगस्त 2026 को देशभर में आयोजित की गई थी। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने तकनीकी गड़बड़ी से प्रभावित 2,445 अभ्यर्थियों के लिए नीट पीजी 2026 की परीक्षा दोबारा कराने का फैसला किया है। इस परीक्षा में 2,65,980 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 2,63,535 अभ्यर्थियों की परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी हो गई थी। तकनीकी गड़बड़ी से प्रभावित 2,445 अभ्यर्थियों की परीक्षा सामान्य तरीके से पूरी नहीं हो सकी। इन्हीं अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा कराने का फैसला किया गया है।

## अनावश्यक रोड कट होंगे बंद, बसों के रूट और समय-सारणी का तैयार होगा डेटा : सीएम

संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पथ निर्माण विभाग द्वारा संचालित कार्यों, योजनाओं एवं परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में दोनों विभागों के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति, कार्यान्वयन की स्थिति तथा आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान रांची शहर को व्यवस्थित, सुगम एवं आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। शहर के रोड नेटवर्क, फ्लाईओवर, विभिन्न पार्कों, चौक-चौराहों, यातायात व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम तथा चल रही विकास परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही रांची के मास्टर प्लान एवं आगामी वर्षों के लिए विकास की कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा हुई।




मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क की चौड़ाई, जल निकासी, पैदल यात्रियों की सुविधा एवं यातायात के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए समग्र डिजाइन तैयार किया जाए। विशेष रूप से बारिश के दौरान जलजमाव की समस्या वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां प्रभावी ड्रेनेज नेटवर्क विकसित किया जाए, ताकि जल निकासी निर्बाध रूप से हो सके और सड़कों पर पानी जमा होने के कारण यातायात बाधित न हो।

मुख्यमंत्री ने सड़क किनारे ठेला, गुमटी एवं अन्य स्वरोजगार के माध्यम से आजीविका चलाने वाले वेंडर्स को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी वेंडर्स को चिन्हित करते हुए उनके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकता के अनुरूप वेंडर मार्केट विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए, ताकि सड़क किनारे अनियोजित तरीके से लगने वाले बाजार एवं दुकानों के कारण होने वाले जाम और भीड़ की समस्या को कम किया जा सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वेंडर्स की आजीविका प्रभावित न हो और उन्हें सम्मानजनक एवं व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने शहर की सड़कों के बीच बने अनावश्यक कटों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने तथा वाहनों के लिए निर्धारित चौक-चौराहों से ही सुरक्षित टर्निंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक कट के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था बाधित होती है। ऐसे सभी स्थानों का अध्ययन कर आवश्यक सुधार किया जाए।

### संक्षिप्त खबरें

#### राममंदिर के पहले सीईओ बने जीतेंद्र मिश्रा, गोविंद देव गिरि महासचिव

**अयोध्या ।** पूर्व एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाए गए हैं। गोविंद देव गिरि को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वह अभी कोषाध्यक्ष थे। इसके अलावा ट्रस्ट में एक महिला समेत तीन नए सदस्यों को भी शामिल किया गया है। ट्रस्ट की बुधवार को यहां हुई बैठक के बाद इसकी घोषणा की गयी। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने एक बयान में बताया कि मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर में पश्चिमी वायु कमान का नेतृत्व किया था। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रहने वाले मिश्रा वायुसेना में अपनी 39 साल की सेवा के बाद 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हुए थे।

#### सरकारी बस से आदिवासी छात्राओं को धक्का देकर उतारने का आरोप, आठ घायल

**पुडुकोट्टई ।** तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले में सरकारी बस में सवार होने का प्रयास कर रहीं आदिवासी समुदाय की आठ स्कूली छात्राओं को कथित तौर पर धक्का देकर नीचे उतारने का मामला सामने आया है। घटना में सभी आठ छात्राएं घायल हो गईं। छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार की खबर फैलते ही उनके परिजनों और आदिवासी समुदाय के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। नाराज लोगों ने बस चालक और परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

#### दिशा सालियान मौत की जांच सीबीआई करेगी

**मुंबई ।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत की जांच सीबीआई को सौंप दी। कोर्ट ने यह फैसला दिशा के पिता की याचिका पर सुनाया। इसमें उन्होंने पुलिस की जांच पर सवाल उठाए थे। दिशा की मौत 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड में एक इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने से हुई थी।

## पाकुड़ : अमड़ापाड़ा में ज्वेलरी दुकान में दिनदहाड़े लूट, फायरिंग कर लाखों के आभूषण लेकर फरार




संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**पाकुड़ ।** जिले अमड़ापाड़ा प्रखंड के मुख्य बाजार स्थित दुर्गामंदिर के समीप बुधवार को किशुन वर्मा ज्वेलर्स में बाइक सवार तीन हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया। अपराधी लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। वारदात के दौरान अपराधियों ने दुकान में मौजूद आकाश वर्मा पर फायरिंग भी की, लेकिन वह बाल-बाल बच गया।बताया जाता है कि मूसलाधार बारिश के बीच तीनों अपराधी पल्सर मोटरसाइकिल से दुकान पहुंचे थे। उन्होंने रेनकोट और हेलमेट पहन रखा था। दुकान में घुसते ही अपराधियों ने आकाश वर्मा को निशाना बनाकर गोली चला दी। गोली से बचने के लिए आकाश नीचे झुक गया और मौका पाकर दुकान से निकलकर घर की ओर भाग गया। अपराधियों ने उसका पीछा करते हुए दूसरी गोली भी चलाई।

इसके बाद अपराधियों ने दुकान में रखे सोने और चांदी के जेवरात झोले में भर लिए और बाहर निकलकर मोटरसाइकिल से फरार होने लगे। लोगों में दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने बाजार में भी फायरिंग की और बासमती की ओर भाग निकले।बताया जा रहा है कि बलियाडंगाल के समीप कुछ लोगों ने अपराधियों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन अपराधियों द्वारा फायरिंग किए जाने के बाद लोग पीछे हट गए। इसके बाद तीनों अपराधी डूमरघट्टी की ओर निकल गए।पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रौशन भेंगरा और एसडीपीओ विजय कुमार मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस आसपास के घरों और दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है।लूट की घटना के बाद जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर वाहनों की जांच शुरू कर दी गई है। अपराधियों के भागने वाले संभावित रास्तों पर भी पुलिस की नजर है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अनुदीप सिंह भी अमड़ापाड़ा पहुंचे और घटनास्थल की जानकारी ली। पुलिस ने अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है।

## दारोगा से इंस्पेक्टर प्रोन्नति पर लगी रोक हटाने से हाईकोर्ट का इनकार

संवाददाता

**रांची ।** दारोगा से इंस्पेक्टर पद पर प्रोन्नति के लिए पुलिस विभाग की ओर से जारी 9 सितंबर 2024 की वरीयता सूची को चुनौती देने वाली उत्तम तिवारी की याचिका पर बुधवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायालय ने प्रोन्नति प्रक्रिया पर पूर्व में लगाई गई रोक हटाने के सरकार के आग्रह को नामंजूर कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 14 सितंबर को होगी।

न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से मामले में हस्तक्षेप याचिका दायर कर पूर्व में लगाई गई रोक को हटाने का आग्रह किया गया था।

मामले के अनुसार, उत्तम तिवारी की वर्ष 2018 में विज्ञापन संख्या 5/2017 के आधार पर दारोगा पद पर सीधी नियुक्ति हुई थी। इसके बाद पुलिस विभाग ने 9 सितंबर 2024 को वरीयता सूची जारी की। इसमें सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के विज्ञापन संख्या 9/2017 के माध्यम से सिपाही से दारोगा बने पुलिसकर्मियों को वरीयता सूची में ऊपर रखा गया था।

प्रार्थी का कहना है कि उनकी नियुक्ति दारोगा पद पर सीधी हुई है, इसलिए वरीयता सूची में उन्हें ऊपर रखा जाना चाहिए।

### महाराष्ट्र में हिंदी परीक्षा पास करने की बाध्यता नहीं, 50 साल पुराना नियम खत्म

एजेंसी

**मुंबई ।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर भाषा का मुद्दा गरमा गया है। राज्य सरकार ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित की जाने वाली हिंदी भाषा परीक्षा को पूरी तरह खत्म करने का आदेश जारी किया है। इस फैसले के साथ ही करीब 50 साल पुराने उस नियम पर भी विराम लग गया है, जिसके तहत कुछ कर्मचारियों के लिए हिंदी परीक्षा पास करना जरूरी था। सरकार के इस फैसले के बाद अब अधिकारियों-कर्मचारियों को नौकरी में वेतन वृद्धि या प्रमोशन के लिए हिंदी भाषा की परीक्षा पास करना बाध्यता नहीं रहेगी। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने हिंदी परीक्षा का सबसे मुखर विरोध किया। मनसे नेता संदीप देशपांडे ने इसे केंद्र के इशारे पर हिंदी थोपने की कोशिश बताया।

## डीजीपी नियुक्ति विवाद से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

एजेंसी

**रांची ।** झारखंड में डीजीपी की नियुक्ति को लेकर चल रहे मामले में सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पायी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी मोहनन की पीठ में सुनवाई शुरू होते ही झारखंड सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें मामले में न्यायालय की ओर से नियुक्त एमिकस क्यूरी की रिपोर्ट नहीं मिली है।ऐसे में वह रिपोर्ट देखे बिना सरकार की ओर से अपनी बात रखने की स्थिति में नहीं हैं।कपिल सिब्बल ने न्यायालय से एमिकस क्यूरी की रिपोर्ट सरकार को उपलब्ध कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद ही सरकार इस मामले में अपना पक्ष रख सकेगी। न्यायालय ने सरकार का अनुरोध स्वीकार करते हुए एमिकस क्यूरी की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 7 सितंबर तय की है। 18 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी की नियुक्ति से जुड़े जरूरी दस्तावेज एमिकस क्यूरी को सौंपे थे।न्यायालय ने उन्हें झारखंड में डीजीपी की नियुक्ति के मामले में अपनी रिपोर्ट देने को कहा था। एमिकस क्यूरी ने अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंप दी है। हालांकि, रिपोर्ट में क्या कहा गया है, इसकी जानकारी झारखंड सरकार को नहीं है। इसी वजह से सरकार की ओर से बुधवार को रिपोर्ट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले राज्य सरकार को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। सरकार से पूछा गया था कि डीजीपी की नियुक्ति के लिए अधिकारियों के नाम संघ लोक सेवा आयोग को क्यों नहीं भेजे गए।

## एल खियांग्ते सहित अन्य आरोपितों की जमानत पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

संवाददाता

**रांची ।** सीआईडी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में बुधवार को जेपीएससी परीक्षा अनियमितता मामले में आरोपित जेल में बंद राज्य के पूर्व मुख्य सचिव और जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल खियांग्ते सहित अन्य आरोपितों की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अन्य आरोपितों में अभय तिवारी, सौरभ सुमन और अरविंद कुमार शामिल है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सीआईडी और बचाव पक्ष की बहस और दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। पिछली सुनवाई के दौरान सीआईडी की तरफ से करीब 1000 पन्नों की केस डायरी कोर्ट में प्रस्तुत की गई थी। इसमें आरोपितों के विरुद्ध कई साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किए गए हैं।



उल्लेखनीय है कि एल खियांग्ते करीब एक वर्ष तक जेपीएससी के अध्यक्ष थे। श्वेता गुप्ता का कार्यकाल भी जेपीएससी में लंबा रहा था। वहीं, अभय तिवारी और उसके परिवार के कई सदस्यों को जेपीएससी की अलग-अलग परीक्षाओं के जरिए कई नियुक्तियां मिली हैं। सभी आरोपितों को सीआईडी ने पिछले दिनों गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे न्यायिक हिरासत में हैं। सीआईडी ने जेपीएससी परीक्षा में अनियमितता को लेकर कांड संख्या 16/2026 दर्ज की है और अब तक इस केस में लगभग 30 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एल खियांग्ते पर परीक्षा में शामिल एजेंसियों से कमीशन के तौर पर मोटी रकम लेने का आरोप है। एल खियांग्ते की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार और अधिवक्ता चंदना कुमारी ने पक्ष रखा।

## झारखंड के हर जिलों में स्वाइन फ्लू जांच जल्द शुरू हो : अजय कुमार सिंह

संवाददाता

**रांची ।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग एवं एनएचएम की समीक्षा बैठक हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में स्वाइन फ्लू की स्थिति, जांच व्यवस्था, एचएमआईएस, सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, कर्मियों के प्रशिक्षण और डॉक्टर और पैरामेडिकल कर्मियों के रिस्ट्रक्चरिंग पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड के सभी जिलों में जल्द से जल्द स्वाइन फ्लू की जांच शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मरीजों को रांची सदर अस्पताल, रिम्स और एमजीएम जमशेदपुर में जांच की सुविधाएं मिल रही है। इसका आमजन लाभ ले सकते हैं। उन्होंने आरटी-पीसीआर मशीनों, खराब उपकरणों की मरम्मत



और जांच किट की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए मशीन नहीं होने वाले जिलों से तत्काल रिक्विजीशन भेजने को कहा। उन्होंने जरूरत पड़ने पर टेक्नीशियन और पैथोलॉजिस्ट को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी जिलों में एचएमआईएस को पूरी तरह फंक्शनल करने और ट्रूनेट मशीनों को इससे जोड़ने की प्रक्रिया तेज करने को कहा। सीसीटीवी के लिए महत्वपूर्ण स्थानों का प्लान तैयार कर इंस्टॉलेशन कराने का निर्देश दिया।

## सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार : 70,500 से अधिक शिकायतें, बैंक और रेलवे शीर्ष पर

### केंद्रीय सतर्कता आयोग की रिपोर्ट में खुलासा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की हालिया रिपोर्ट ने बीते साल सरकारी संस्थानों के खिलाफ भ्रष्टाचार की भयावह तस्वीर पेश की है, जिसमें 70,500 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें सबसे अधिक शिकायतें बैंकिंग और रेलवे जैसे प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित थीं, जो इन विभागों में व्याप्त अनियमितताओं को दिखाती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, आयोग के मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) को कुल 70,584 शिकायतें मिली थीं। इसमें से बीते साल 31 दिसंबर तक 64,905 शिकायतों का निपटारा किया गया। हालांकि, 5,679 शिकायतें अभी भी लंबित थीं, जिसमें से 2,002 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से फंसी हुई हैं। सीवीओ से आमतौर पर 3 महीने के भीतर शिकायतों का निपटारा करने की अपेक्षा की जाती है, और आयोग लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करता है।

आंकड़ों के मुताबिक, बैंकों के सीवीओ को सर्वाधिक 9,933 शिकायतें मिलीं। इसमें से 9,520 का निपटारा हो गया, लेकिन 413 शिकायतें लंबित रहीं, जिसमें 52 शिकायतें 3 महीने से अधिक समय से लंबित थीं। रेलवे भी इस सूची में पीछे नहीं रहा, जहां 9,381 शिकायतें दर्ज की गईं। इसमें से 8,754 का निपटारा किया गया, जबकि 627 शिकायतें लंबित थीं, जिसमें से 10 शिकायतें तीन महीने से अधिक पुरानी थीं। अन्य प्रमुख क्षेत्रों में आवास और शहरी मामलों से जुड़ी 6,531 शिकायतें, दिल्ली सरकार को छोड़कर स्थानीय निकायों से 4,834, कोयला क्षेत्र से 4,118, वित्त क्षेत्र से 3,107 और दिल्ली सरकार से 2,804 शिकायतें शामिल थीं। पेट्रोलियम मंत्रालय के खिलाफ 2,722, दिल्ली पुलिस के खिलाफ 2,633 और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र से संबंधित 2,139 शिकायतें भी प्राप्त हुईं। रिपोर्ट में सीवीसी द्वारा आवश्यक कार्रवाई के लिए सीवीओ को भेजी गई 18,651 शिकायतों का भी उल्लेख है, जिसमें स्थानीय निकायों (4,110), बैंकों (1,749) और रेलवे (1,428) से संबंधित शिकायतें शीर्ष पर थीं। यह रिपोर्ट सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी पर गंभीर सवाल उठाती है।

## साहिबगंज और पलामू में यूरिया कालाबाजारी की शिकायत, मंत्री ने दिया जांच का आदेश

संवाददाता

**रांची ।** साहिबगंज और पलामू जिले में यूरिया की कालाबाजारी की शिकायत मिली है। पलामू में कई स्थानों पर तय कीमत से अधिक में यूरिया बेचे जाने की शिकायत मिली थी।साहिबगंज में भी 400 रुपये बोरी तक यूरिया बेचे जाने की शिकायत कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को मिली थी।मंत्री ने विभागीय सचिव को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच कराने का निर्देश दिया है। विभागीय सचिव के निर्देश के बाद कृषि निदेशक ने दोनों जिलों में विशेष जांच कराने को कहा है। कृषि निदेशक पलामू उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि डीएपी और यूरिया निर्धारित सरकारी दर से अधिक पर



बेचने की शिकायत मिली है। इसकी जांच करायी जाये।इसके लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी भी गठित की जाये।अनियमितता पाये जाने पर सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाये।

राज्य के कृषि निदेशक ने सभी जिलों के उपायुक्तों को उर्वरकों की उपलब्धता, कालाबाजारी रोकने के लिए संयुक्त प्रवर्तन (इंफोर्समेंट) टीम गठित करने का निर्देश दिया है।उपायुक्तों को वैसे स्थानों को चिन्हित करने को कहा गया है, जहां उर्वरक की खपत सामान्य से अधिक है।

जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सघन अभियान चलाने को कहा है।यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि उर्वरकों का उपयोग औद्योगिक कार्यों में नहीं हो। किसानों के बीच डीएपी की निर्भरता कम करने तथा एनपीकेएस और एसएसपी को बढ़ावा देने को कहा है। कृषि निदेशक बिद्यानंद शर्मा पंकज, ने कहा कि खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए सभी जिलों को पूर्व में निर्देश दिया गया है। इसकी सघन निगरानी रखी जा रही है।दोषी पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी।किसानों से भी आग्रह है कि खाद कालाबाजारी की शिकायत सीधे करें।

## मंत्री दीपिका पांडेय ने खरगे और वेणुगोपाल से दिल्ली में की मुलाकात



**संताल एक्सप्रेस रांची ।** झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की।मुलाकात के दौरान संगठन विस्तार, पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने, सरकार के कामकाज और जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने झारखंड के मौजूदा राजनीतिक हालात और जनहित से जुड़े विषयों से केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराया। बैठक में जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने और संगठन को और प्रभावी बनाने को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। दीपिका पांडेय सिंह ने एसआईआर प्रक्रिया के कारण आम लोगों के सामने आ रही चुनौतियों और मतदान के अधिकार को सुरक्षित रखने से जुड़े विषयों पर भी केंद्रीय नेताओं के साथ चर्चा की।मंत्री ने कहा कि भाजपा की ओर से राजनीतिक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से और मजबूती के साथ काम करना होगा। केंद्रीय नेतृत्व ने विभिन्न मुद्दों पर पार्टी की भूमिका और आगामी रणनीति को लेकर मार्गदर्शन दिया।बैठक में संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

## दुम्मा के पास घायल मिले अज्ञात कांवरिया की इलाज के दौरान मौत

**देवघर।** रिखिया थाना क्षेत्र के दुम्मा के पास बुधवार की अहले सुबह घायल अवस्था में मिले करीब 35 वर्षीय अज्ञात कांवरिया की इलाज के दौरान मौत हो गई। रिखिया पुलिस ने गंभीर हालत में उसे देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां बुधवार की दोपहर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह करीब तीन बजे बिहार सीमा के पास दुम्मा इलाके में एक व्यक्ति के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना रिखिया पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को तत्काल इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी हालत गंभीर बनी रही और दोपहर में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बैद्यनाथ धाम ओपी पुलिस भी सदर अस्पताल पहुंची। पुलिस ने अज्ञात शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। पहचान के लिए शव को 72 घंटे तक पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखा गया है।

## सांप के डंसने से अधेड़ की मौत

**देवघर।** मधुपुर थाना क्षेत्र के मीना बाजार निवासी उज्जवल इंथी की सांप के डंसने से मौत हो गई। बुधवार की अहले सुबह करीब तीन बजे सांप के डंसने के बाद उसे इलाज के लिए मधुपुर सरकारी अस्पताल ले जाया गया था। स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## निगम ने नियमों के उल्लंघन पर पांच कोचिंग संस्थानों को सील किया

**रांची।** छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और भवन मानकों के पालन को लेकर रांची नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। विशेष जांच अभियान के तहत बुधवार को हरिओम टावर में संचालित पांच कोचिंग संस्थानों को नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सील कर दिया गया। इसके साथ ही नगर निगम ने 18 कोचिंग संस्थानों के खिलाफ सीलिंग की प्रक्रिया शुरू की है।सील किए गए संस्थानों में द पाठशाला, पतंजलि आईएएस एकेडमी, मोशन एकेडमी, क्लैट प्रिपरेशन और चैतन्य आईएएस एकेडमी शामिल हैं। जांच के दौरान फायर एनओसी, अग्निशमन उपकरण, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा, पर्याप्त वेंटिलेशन, सुरक्षित प्रवेश-निकास, क्षमता के अनुरूप नामांकन, पर्याप्त जगह, ट्रेड लाइसेंस सहित भवन संबंधी मानकों की जांच की गई। नगर निगम के अनुसार संबंधित संस्थानों में फायर एनओसी, अग्नि सुरक्षा, प्रवेश-निकास, वेंटिलेशन और पर्याप्त जगह सहित कई मानकों में गंभीर कमियां मिलीं। साथ ही कोचिंग संस्थानों की ओर से झारखंड नगरपालिका अधिनियम और झारखंड म्यूनिसिपल ट्रेड लाइसेंस रूल्स, 2017 के प्रावधानों का पालन नहीं पाया गया था। संस्थान बिना वैध ट्रेड लाइसेंस संचालित मिले।अनियमितताएं मिलने पर राजस्व और नगर निवेशक शाखा ने नोटिस जारी कर तीन दिन में अनुपालन का अवसर दिया था। अवधि समाप्त होने के बावजूद सुधार नहीं होने पर सीलिंग की कार्रवाई की गई।नगर निगम ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य कार्रवाई के साथ विद्यार्थियों को सुरक्षित और मानक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। शेष चिन्हित संस्थानों पर भी नियमानुसार कार्रवाई जारी है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन कब्जा दिलाने के दौरान महिला ने खुद को लगाई आग, बचाने में झुलसे दारोगा

**चतरा।** जिला मुख्यालय के केसरी चौक में गौरक्षणी के समीप कोर्ट के आदेश पर दखल-कब्जा कराने पहुंची टीम के सामने बुधवार को हंगामा हो गया। कार्रवाई का विरोध कर रही रीना देवी ने पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगा ली। उसे बचाने के प्रयास में चतरा सदर थाना में कार्यरत एएसआई प्रवीण सिंह भी झुलस गए। घटना में रीना देवी और उनके बेटे धीरज कुमार को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया, जबकि एएसआई का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया गया कि जमीन विवाद वर्ष 1988 से न्यायालय में चल रहा था। न्यायालय की ओर से विजय अग्रवाल के पक्ष में फैसला दिए जाने के बाद दंडाधिकारी की उपस्थिति में टीम पुलिस बल के साथ दखल-कब्जा कराने पहुंची थी। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और महिला ने आग लगा ली। पुलिस के अनुसार मौके से तीन हॉकी स्टिक भी बरामद की गई है। घटना के बाद पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार सिंह और एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। एसडीपीओ ने बताया कि महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया, जिसमें पुलिसकर्मी भी झुलसे हैं। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी खो़बो़र**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड,आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमो़क् बाखरा आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in** दाराय ते खुला़ ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बानाडाय दो़ नोडका लेका मेनाक्आः **नीलामी रेयाक् कैटेगरीः पे एंड यूज टॉयलेट (सामान्य)। ई-नीलामी कैटलॉग सं.: सी5-एएसएन-पीएनयू-एएस, ई-नीलामी एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़यः** 16.09.2026 हिलो़क् 13.00 बजे। **स्टेशनको/जायगाको रेयाक् ञुतुम** दो़ नोडका लेका मेनाक्आः **(1)** आसनसोल रेलवे स्टेशन रेयाक् हावड़ा बो़हो़क् सेच् प्लेटफॉर्म नं. 3/4 रे पे एंड यूज टॉयलेट। **(2)** आसनसोल स्टेशन रेयाक् हावड़ा बो़हो़क् सेच् प्लेटफॉर्म नं 5/6 रे स्लीपर क्लास वेटिंग हॉल भितरी रे पे एंड यूज टॉयलेट (बाबाजोना)। **(3)** सीतारामपुर स्टेशन रेयाक् धनबाद बो़हो़क् सेच् रे सीएसआर होतेते बेनावाकान प्लेटफॉर्म नं. 2/3 रे पे एंड यूज टॉयलेट। **(4)** आसनसोल स्टेशन रेयाक् प्लेटफॉर्म नं. 1/2 रे कालका बो़हो़क् सेच् रे पे एंड यूज टॉयलेट। **(5)** आसनसोल स्टेशन रेयाक् हावड़ा बो़हो़क् सेच् प्लेटफॉर्म नं. 5/6 रे स्लीपर क्लास वेटिंग हॉल भितरी रे पे एंड यूज टॉयलेट (गो़गो़जोना)। जो़तो़ नामडाक बोलीदाताको सूची लेका रे नोआ ई-नीलामी रेयाक् पुराउ बानाडाय बाडाय आर सेलेदो़क् ला़गित् दो़ वेबसाइट **www.ireps.gov.in** जेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

ASN-186/2026-27

**ठिका़ खो़बो़र दो़ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हो़ं बेबो़सता आकान मेनाक्आ।**

नो़ंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं की सीबीआई जांच की मांग, भाजपा ने दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम



**संताल एक्सप्रेस**

**रांची ।** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की विभिन्न परीक्षाओं में कथित धांधली और छात्र आंदोलनों के दौरान दर्ज मुकदमों को लेकर भाजपा ने बुधवार को राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रोजेक्ट भवन में मुख्य सचिव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच कराने और आंदोलन के दौरान छात्रों पर दर्ज मुकदमों को तत्काल वापस लेने की मांग की। भाजपा ने सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए मांगें नहीं माने जाने पर छात्रों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी।मुख्य सचिव से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि राज्य के छात्र वर्षों तक मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है और प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

साहू ने कहा कि जब छात्र अपने साथ हुए कथित अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आंदोलन करते हैं तो उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि रांची, गिरिडीह, चतरा, हजारीबाग और रामगढ़ समेत कई जिलों में झामुमो कार्यकर्ताओं ने छात्रों के साथ मारपीट और अभद्रता की। रामगढ़ में एक झामुमो नेता द्वारा छात्रों को कथित तौर पर पीटने की धमकी दिए जाने का भी उन्होंने उल्लेख किया। पार्टी का आरोप है कि इस आंदोलन के दौरान और उसके बाद छात्रों की आवाज दबाने के लिए राज्य के विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज किए गए। ज्ञापन में छात्र आंदोलनों के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने से संबंधित उच्चतम न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए झारखंड में भी शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान छात्रों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की गई है। भाजपा ने मांग की है कि छात्र आंदोलन के दौरान और उसके बाद विभिन्न थानों में छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर अविलंब रद्द की जाएं। भाजपा ने राज्य सरकार से जेपीएससी और जेएसएससी की ओर से आयोजित उन परीक्षाओं की सीबीआई जांच की अनुशंसा करने की मांग की है, जिनमें कथित धांधली के कारण परीक्षाएं रद्द या स्थगित की गई हैं। आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा छात्रों के हितों से जुड़े इस मुद्दे पर पीछे नहीं हटेगी। मुख्य सचिव से मिलने वाले भाजपा प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय मंत्री डॉ. प्रदीप वर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद और भानु प्रताप शाही, प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी, सांसद बीडी राम, विधानसभा में मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, विधायक सीपी सिंह, सत्येंद्र नाथ तिवारी, डॉ. नीरा यादव, राज सिन्हा,सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# जेपीएससी मुद्दे पर छात्रों के नाम पर राजनीति कर रही भाजपा : विनोद



**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं के मुद्दे पर भाजपा के आंदोलन और 48 घंटे के अल्टीमेटम को राजनीतिक नौटंकी बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा छात्रों की पीठ के पीछे छिपकर राजनीति करने के बजाय सीधे मैदान में उतरकर मुकाबला करे।उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य की चिंता है तो पार्टी को राजनीतिक और कानूनी लड़ाई खुले तौर पर लड़नी चाहिए। विनोद पांडेय ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ स्वीकार नहीं होगा, लेकिन उनके आंदोलन को राजनीतिक हथियार बनाना भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भाजपा से कहा कि राजनीतिक लड़ाई लड़नी है तो सीधे मैदान में आए और कानूनी लड़ाई लड़नी है तो कानून का रास्ता अपनाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को छात्रों से ज्यादा अपनी राजनीतिक जमीन की चिंता है।विनोद पांडेय ने कहा कि जब सीबीआई जांच से जुड़ा मामला न्यायालय में विचाराधीन है, तब मुख्य सचिव पर दबाव बनाने की कोशिश भाजपा की मंशा पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसियों के इस्तेमाल में माहिर रही है और अब सीबीआई जांच की मांग की आड़ में कथित परीक्षा धांधली से जुड़े लोगों को बचाने का प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीआईडी लगातार कार्रवाई कर रही है और जांच आगे बढ़ने के साथ कथित धांधली से जुड़े लोगों पर शिकंजा कस रहा है। इसी कार्रवाई से भाजपा घबराई हुई है।

# झारखंड के संसाधनों पर पहला अधिकार यहां की जनता का : कमलेश



**रांची ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारियों और प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष राज उरांव ने की। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी विशेष रूप से उपस्थित थे।बैठक में 07 सितंबर 2026 को लोकभवन, रांची के समक्ष आयोजित धरना-प्रदर्शन एवं लोकभवन चलो कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता, आदिवासी समाज, मूलवासी समुदाय एवं आम जनता की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठनात्मक स्तर पर व्यापक रणनीति तैयार की गई।बैठक में मुख्य रूप से दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। उनमें भगवान श्रीराम मंदिर के नाम पर प्राप्त चंदे में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग और दूसरा, झारखंड के जल, जंगल, जमीन एवं खनिज संसाधनों से जुड़े अधिकारों को प्रभावित करने वाले एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2026 का विरोध शामिल है।बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड की जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा पर पहला अधिकार यहां की जनता का है। यदि केंद्र सरकार किसी कानून के माध्यम से राज्यों के अधिकारों को कमजोर करने और झारखंड के संसाधनों पर नियंत्रण बढ़ाने की कोशिश करती है, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। 07 सितंबर का 'लोकभवन चलो' कार्यक्रम झारखंड के अधिकारों की निर्णायक जनआवाज बनेगा।झारखंड के संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष करेगी । मौके पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि भगवान श्रीराम के नाम पर जनता से प्राप्त चंदे में यदि किसी प्रकार की अनियमितता के आरोप हैं, तो उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। आस्था के नाम पर जुटाए गए धन में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। जनता के पैसे का हिसाब जनता के सामने होना चाहिए। कांग्रेस किसी भी प्रकार की अनियमितता पर पर्दा डालने के पक्ष में नहीं है। वहीं प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष राज उरांव ने कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति या दल के खिलाफ नहीं, बल्कि झारखंड के आदिवासी-मूलवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों और राज्य के हितों की रक्षा की लड़ाई है। हमारे पूर्वजों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि 07 सितंबर को आदिवासी कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ लोकभवन चलो कार्यक्रम में शामिल होंगे और झारखंड के हक एवं अधिकार की आवाज बुलंद करेंगे।बैठक में आदिवासी कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता अनुप लकड़ा, संजय सेबेस्टियन मरांडी, अनिल उरांव, समीर हंसदा, अजीत करमाली, गगन करमाली, सुनील मिंज, विक्की करमाली, सुरेश सावैया, संदीप सनी देवगम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खेलगांव में तीन से 15 सितंबर तक होगी सेना भर्ती रैली

**रांची।** खेलगांव स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, होटवार में तीन से 15 सितंबर 2026 तक सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में बड़ी संख्या में झारखंड के विभिन्न जिलों से अभ्यर्थियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन और रांची पुलिस ने सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारी की है। रैली की तैयारियां एक सितंबर 2026 से शुरू हो चुकी हैं। उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त आदेश जारी कर 12 महत्वपूर्ण स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती का निर्देश दिया है।

## फर्जीवाड़ा कर जमीन बेचने का आरोप छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**संताल एक्सप्रेस महेशपुर (पाकुड़)।** महेशपुर थाना क्षेत्र के सीलमपुर गांव में कथित फर्जीवाड़ा कर जमीन की खरीद-बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर सीलमपुर निवासी नंदकुमार भगत ने महेशपुर थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। आवेदन के आधार पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वादी के अनुसार, मौजा सीलमपुर स्थित खाता सं या 232 और खेसरा सं या 373 की जमीन में छह अंशदार हैं, जिनमें वह स्वयं भी शामिल है। जमीन का अब तक बंटवारा नहीं हुआ है और न ही कोई बंटनामा तैयार किया गया है। इसके बावजूद आरोप है कि षडयंत्र के तहत उक्त जमीन में से दो कठ्ठा चार धूर तथा एक कठ्ठा दो धूर जमीन की बिक्री कर दी गई।आवेदन में आरोप लगाया गया है कि महेशपुर-देवीनगर निवासी मुन्नी देवी, इंद्रजीत भगत और अनंत लाल भगत ने उक्त जमीन को नसीरुद्दीन खान, निवासी मकदमपुर तथा मो. रिजवान, निवासी सीलमपुर के हाथों बेच दिया। वादी ने देवीनगर निवासी पूजा देवी पर भी मामले की जानकारी होने के बावजूद गवाह बनने का आरोप लगाया है।नंदकुमार भगत ने बताया कि उसे जमीन की बिक्री की जानकारी तब हुई, जब खरीदार अपने सहयोगियों के साथ जमीन पर पहुंचा और मकान निर्माण का काम शुरू कर दिया। इसके बाद मामले की जानकारी सामने आई। महेशपुर थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर मुन्नी देवी, इंद्रजीत भगत, अनंत लाल भगत, पूजा देवी, नसीरुद्दीन खान और मो. रिजवान के खिलाफ कथित षडयंत्र एवं जमीन फर्जीवाड़े के आरोप में थाना कांड सं या 151/26 के तहत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एसबीयू में प्लेसमेंट ओरिएंटेशन कार्यक्रम



**रांची ।** सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची के प्लेसमेंट विभाग की ओर से वर्ष 2027 में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय प्लेसमेंट ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी कैंपस प्लेसमेंट के लिए तैयार करना तथा उन्हें कॉर्पोरेट जगत की कार्यप्रणाली, आवश्यकताओं और अपेक्षाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम में बी.टेक. की सभी शाखाओं, एमसीए, एमबीए, एम.कॉम., बीबीए, बी.कॉम., बीबीए-एसबीपीएम, बीसीए, सभी शाखाओं के डिप्लोमा, बीए एवं एमए अंग्रेजी तथा बीए एवं एमए अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत प्लेसमेंट विभाग द्वारा आयोजित सत्र से हुई। इसमें विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रक्रिया, आवश्यक दिशा-निर्देश, कंपनियों की चयन प्रक्रिया, साक्षात्कार की तैयारी तथा करियर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। टेकफोकस के वरिष्ठ तकनीकी प्रमुख-क्लाउड निखिल उपाध्याय ने क्लाउड समाधान, एडब्ल्यूएस, जीसीपी, जनरेटिव एआई और एलएलएम जैसे उभरते तकनीकी क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी।

## गांजा और ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**रांची।** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के डोम टोली तालाब पट्टी इलाके से पुलिस ने बुधवार को एक युवक को मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से गांजा और टाटा सफारी वाहन से ब्राउन शुगर बरामद की है। मौके से नकदी और आईफोन भी जब्त किया गया।नगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी केवी रमण ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थों की बिक्री से संबंधित मिल रही सूचनाओं का सत्यापन किया जा रहा था। इसी दौरान सूचना मिली कि डोम टोली निवासी मो. अनस कुरैशी सफेद रंग की टाटा सफारी से मादक पदार्थों की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वाहन की जांच की। वाहन के मालिक की पहचान मो. अनस कुरैशी के रूप में होने के बाद पुलिस ने उसके और वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 16 ग्राम गांजा और वाहन से 20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने मौके से 4,700 रुपये नकद, एक आईफोन और टाटा सफारी वाहन भी जब्त किया। मामले में लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मो. अनस कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ धनबाद जिले के बरोरा थाना में भी मामला दर्ज है।

## महिला सुपरवाइजर नियुक्ति मामला : उच्च न्यायालय ने एकल पीठ के आदेश पर लगाई रोक

**रांची।** महिला सुपरवाइजर नियुक्ति मामले जेएसएससी की अपील पर सुनवाई करते हुए झारखंड उच्च न्यायालय ने एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी। उच्च न्यायालय के मु य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने बुधवार को जेएसएससी की अपील पर सुनवाई की।जेएसएससी ने उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट की ओर से आकांक्षा कुमारी सहित अन्य के मामले में 15 मई 2026 को पारित आदेश को उच्च न्यायालय की डबल बेंच में अपील दाखिल कर चुनौती दी है। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल और अधिवक्ता जयप्रकाश ने पक्ष रखा। अब मामले की अगली सुनवाई 06 अक्टूबर को होगी।महिला सुपरवाइजर नियुक्ति मामले में झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमिशन (जेएसएससी) की ओर से अ यर्थियों के दस्तावेज वेरिफिकेशन में त्रुटि निकालकर उनकी उ मीदवारी रद्द कर दी गई थी। एकल पीठ ने जेएसएससी की ओर से प्रार्थियों के दस्तावेज वेरिफिकेशन के दौरान उनके उ मीदवारी रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने प्रार्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल कराने का आदेश जेएसएससी को दिया था।हाईकोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि महिला सुपरवाइजर के 444 पदों के लिए विज्ञापन निकला था। महिला सुपरवाइजर नियुक्ति के विज्ञापन और नियुक्ति नियमावली में कहीं यह नहीं लिखा था कि अ यर्थियों को सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी और होम साइंस में 03 वर्षीय ऑनर्स की डिग्री होना अनिवार्य है। महिला सुपरवाइजर के पद पर नियुक्ति के लिए सिर्फ इन तीनों विषयों के साथ ग्रेजुएशन होना जरूरी था। प्रार्थियों ने तीनों विषयों में ऑनर्स डिग्री नहीं लिया है। लेकिन ग्रेजुएशन जरूर किया है, जिसमें उन्होंने तीन वर्ष तक उक्त तीनों विषयों की पढ़ाई जरूर की है।

# जेपीएससी भर्ती सुधार यात्रा पहुंची पंच परगना, जनजागरण जारी



**रांची।** जेपीएससी-जेएसएससी सहित अन्य नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता और भर्ती व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में चल रही भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा बुधवार को अपने 10वें दिन रांची जिले के पंच परगना क्षेत्र पहुंची। यात्रा के दौरान छात्रों और आम लोगों से जनसंपर्क कर नियुक्ति प्रक्रिया में कथित धांधली और अनियमितताओं के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया गया। आयोजकों के अनुसार यात्रा अब तक राज्य के लगभग आधे भौगोलिक क्षेत्र का भ्रमण कर चुकी है।यात्रा की शुरुआत सिल्ली के झारखंड मोड़ स्थित शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद यात्रियों ने बुंडू मोड़, बंता चौक, पतराहातु, सोनाहातू बाजारटांड़, जमुदाग और जाडैया चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस अवसर पर यात्रा का नेतृत्व कर रहे देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि पंच परगना क्षेत्र में छात्रों और आम लोगों में यात्रा को लेकर उत्साह है। उन्होंने सरकार से भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि युवाओं को उनका अधिकार मिल सके। उन्होंने बताया कि गुरुवार को यात्रा कोल्हान क्षेत्र में प्रवेश करेगी। यात्रा का उद्देश्य पूरे राज्य में भर्ती व्यवस्था में सुधार को लेकर जनजागरण करना है।

## खान और खनिज विधेयक के विरोध में झामुमो चलाएगा जनजागरण अभियान



**खूंटी ।** खान एवं खनिज विधेयक के विरोध में झामुमो ने आंदोलन की तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को खूंटी प्रखंड में झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधेयक के खिलाफ गांव-गांव जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे गांवों और पंचायतों में जाकर लोगों को विधेयक के प्रावधानों और इससे झारखंड को होने वाले संभावित नुकसान की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस विधेयक के माध्यम से झारखंड की कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावित करना चाहती है। विधेयक लागू होने से राज्य को मिलने वाला राजस्व समाप्त होने का दावा करते हुए उन्होंने इसे झारखंड की जनता के साथ अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता विधेयक के खिलाफ आंदोलन के लिए तैयार हैं। निर्णय लिया गया कि 07 सितंबर 2026 को सभी पंचायतों और बूथों से झामुमो कार्यकर्ता खूंटी प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। बैठक में केंद्रीय सदस्य अमरनाथ मुंडा, संगठन सचिव शंकर सिंह मुंडा, सह सचिव मोजीर अंसारी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कमलेश महतो आदि मौजूद थे।

## मलय डैम का ओवरफ्लो , सैलानियों की उमड़ी भीड़



**पलामू ।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र स्थित मुरमा-कठौतिया मलय डैम का जलस्तर बढ़ने से स्पीलवे ओवरफ्लो हो गया है। डैम के ओवरफ्लो होने से जहां प्रशासन सतर्क हो गया है, वहीं पर्यटकों में खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं और ओवरफ्लो हो रहे स्पीलवे का आनंद ले रहे हैं।उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 07 जुलाई को मलय डैम का स्पीलवे ओवरफ्लो हुआ था, जबकि इस वर्ष 01 सितंबर को यह स्थिति बनी। इस वर्ष पर्याप्त बारिश की उम्मीद नहीं थी, लेकिन अगस्त में हुई अच्छी बारिश के कारण डैम लबालब भर गया और स्पीलवे ओवरफ्लो हो गया।सतबरवा प्रखंड क्षेत्र में पिछले रविवार से लगातार बारिश हो रही है। इसके कारण मलय डैम के जलस्तर में भी लगातार वृद्धि हुई। बुधवार को स्पीलवे के ओवरफ्लो होने की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचने लगे।

# धनबाद स्टेशन पर ट्रेन से 130 लीटर शराब और बीयर बरामद

**धनबाद ।** धनबाद रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब के खिलाफ आरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। आरपीएफ की स्पेशल टास्क टीम ने ट्रेन संख्या 13051 के जनरल कोच से करीब 130 लीटर केन बीयर और अंग्रेजी शराब बरामद की है। शराब की कुल अंकित कीमत करीब 38 हजार 160 रुपये बताई गई है।खास बात यह है कि बरामद शराब की बोतलों और बीयर केन पर फॉर सेल इन वेस्ट बंगाल ओनली लिखा हुआ है। फिलहाल आरपीएफ ने शराब को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंपने की तैयारी की जा रही है।वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, धनबाद के निर्देशन में आरपीएफ की स्पेशल टास्क टीम बुधवार को धनबाद रेलवे स्टेशन पर गश्त और निगरानी कर रही थी। इसी दौरान ट्रेन संख्या 13051 प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर पहुंची। ट्रेन के पीछे वाले जनरल कोच की जांच के दौरान आरपीएफ जवानों को छह बैग और दो थैले संदिग्ध अवस्था में पड़े मिले। टीम ने कोच में मौजूद यात्रियों से बैग और थैलों के मालिकाना हक को लेकर पूछताछ की, लेकिन किसी भी यात्री ने सामान पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद आरपीएफ जवानों ने सभी बैग और थैलों को खोलकर जांच की। जांच में बड़ी मात्रा में केन बीयर और अंग्रेजी शराब बरामद हुई। ट्रेन के कम ठहराव को देखते हुए सामान को प्लेटफॉर्म संख्या-3 के हावड़ा छोर पर उतारकर गवाहों की मौजूदगी में इसकी जांच की गई।

## एसआइआर के तहत दावा-आपत्ति सुनवाई स्थलों का डीसी ने किया निरीक्षण



**गोड्डा।** निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर)-2026 के तहत जिले में प्राप्त दावा एवं आपत्तियों के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बुधवार को गोड्डा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर बनाए गए दावा-आपत्ति सुनवाई स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं एवं कार्य प्रगति की जानकारी ली।उपायुक्त ने मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत पहचान सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से दस्तावेजों की जांच, तथ्यों के सत्यापन तथा निर्वाचक सूची में दर्ज विवरणों में पाई जा रही विसंगतियों के नियमानुसार निराकरण की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुनवाई स्थलों पर आने वाले नागरिकों के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा प्राप्त दावा-आपत्तियों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर नियमानुसार निष्पादन किया जाए।उपायुक्त ने कहा कि एसआइआर-2026 का उद्देश्य निर्वाचक सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और अद्यतन बनाना है। उन्होंने पात्र मतदाताओं से अपने नाम एवं निर्वाचक विवरण की जांच करने तथा नाम में त्रुटि, नाम छूटने या किसी अन्य प्रकार की आपत्ति होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा अथवा आपत्ति दर्ज कराने की अपील की।

## एसपी ने मेहरमा थाना का निरीक्षण किया



**गोड्डा/मेहरमा।** पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बुधवार को मेहरमा थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, विभिन्न अभिलेखों एवं क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली तथा पुलिस पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी चौकीदारों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने तथा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित रिपोर्ट प्रत्येक माह तैयार करने का निर्देश दिया।एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण एवं आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एसआईआर के तहत मतदान केंद्रों पर नोटिस सुनवाई व दस्तावेजों का सत्यापन जारी



**गोड्डा।** एसआईआर-2026 के तहत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने तथा उनके निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से नोटिस जारी करने, सुनवाई करने और दावा-आपत्तियों के निस्तारण के साथ मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है।निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा प्राप्त दस्तावेजों की निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप जांच की जा रही है। सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक अथवा अन्य मान्यता प्राप्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, स्थायी निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, वन अधिकार प्रमाण-पत्र, सरकारी कर्मचारी अथवा पेंशनभोगी का पहचान पत्र/पीपीओ सहित विभिन्न मान्य दस्तावेज शामिल हैं।इसके अलावा सरकारी या स्थानीय प्राधिकरण, बैंक, डाकघर, एलआईसी, पीएसयू द्वारा जारी प्रमाण-पत्र, परिवार रजिस्टर तथा सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन संबंधी प्रमाण-पत्र भी सत्यापन के लिए स्वीकार किए जा रहे हैं।

## विद्यासागर स्टेशन पर भारी बारिश का कहर



**विद्यासागर ।** विद्यासागर क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण विद्यासागर रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के रेलवे फाटकों पर जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई थी। अत्यधिक पानी भर जाने के कारण पटरियों और फाटक के पास आवागमन बाधित होने का खतरा मंडराने लगा था, जिससे रेल परिचालन पर भी असर पड़ने की आशंका बढ़ गई थी।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रेलवे कुर्मी ने तुरंत आपातकालीन कदम उठाए। रेलवे कर्मियों ने दिन-रात एक करते हुए अथक परिश्रम किया। भारी मात्रा में जमे पानी को तेजी से निकालने के लिए मौके पर हाई-पावर वाटर पंप और आधुनिक मशीनें लगाई गईं, जिससे युद्ध स्तर पर जल निकासी का काम पूरा किया जा सके। कर्मचारियों की इस त्वरित कार्रवाई और कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप कुछ ही घंटों में पटरियों पर जमा पानी को पूरी तरह सुखा लिया गया।इस पूरी घटना की सबसे सकारात्मक बात यह रही कि रेलवे की तत्परता के कारण किसी भी यात्री को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। जलभराव के बावजूद समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया, जिससे किसी भी ट्रेन के परिचालन को रोकना या रद्द नहीं करना पड़ा। सभी ट्रेनें अपने निर्धारित समय और सुरक्षित तरीके से संचालित होती रहीं। यात्रियों ने भी रेलवे कर्मियों की इस मुस्तैदी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की है, जिनकी सूझबूझ से एक संभावित बड़ी बाधा को आसानी से टाल दिया गया।

## जसीडीह से बरामद हुई अपहृत नाबालिग

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र से 11 अगस्त को लापता हुई नाबालिग किशोरी को पुलिस ने देवघर जिले के जसीडीह से सकुशल बरामद कर लिया। मामले में पुलिस ने धनबाद निवासी 18 वर्षीय अतुल वेद मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, घटना को लेकर नारायणपुर थाना में कांड संख्या 145/2026 दर्ज की गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी मुराद हसन के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी एवं अनुसंधानात्मक कार्रवाई के आधार पर किशोरी के जसीडीह में होने की जानकारी जुटाई और वहां पहुंचकर उसे बरामद कर लिया।पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मामले में नामजद आरोपी अतुल वेद मिश्रा, निवासी भूली, धनबाद को भी गिरफ्तार किया। बरामदगी के बाद किशोरी को आवश्यक प्रक्रिया के तहत परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की गई।

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा के अध्यक्ष एवं सचिव के निर्देशानुसार बुधवार को नाला प्रखंड अंतर्गत मनिहारी गांव में डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से अधिकार मित्र जयंती दत्त ने ग्रामीणों के घर-घर जाकर उन्हें विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान ग्रामीणों को मुख्य रूप से 'सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भविष्य', डायन प्रथा उन्मूलन, आशा स्कीम, जागृति योजना, पोक्सो एक्ट, सड़क दुर्घटना दावा वाद, ट्राई साइकिल एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र से संबंधित जानकारी दी गई।इसके अलावा घरेलू हिंसा, बाल श्रम एवं बाल विवाह की रोकथाम, निःशुल्क विधिक सहायता तथा सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे पेंशन एवं राशन कार्ड के संबंध में भी ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक बताया गया।अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों तक कानून एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना ।

# गोढ़ीघाट में ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, 1.28 लाख रुपये नकद बरामद

संताल एक्सप्रेस



**गोड्डा।** मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ गोड्डा पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत गोड्डा नगर थाना क्षेत्र के गोढ़ीघाट गांव में पुलिस ने छापेमारी कर ब्राउन शुगर के कथित अवैध कारोबार का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से एक 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। उसके घर से करीब 10 ग्राम ब्राउन शुगर, एल्युमिनियम फॉयल में तैयार 30 पुड़िया, 1,28,688 रुपये नकद, इलेक्ट्रॉनिक माप-तौल मशीन और एल्युमिनियम फॉयल का रोल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक गोड्डा को मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से संबंधित गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के सत्यापन के बाद एसडीपीओ गोड्डा आकाश भारद्वाज के नेतृत्व में डेडिकेटेड एंटी-नारकोटिक्स टीम ने एक सितंबर 2026 को गोड्डा नगर थाना क्षेत्र के गोढ़ीघाट गांव में बिरेन्द्र कुमार उर्फ बिरू, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता अरुण यादव के घर पर विधिसम्मत छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बिरेन्द्र कुमार उर्फ बिरू को पकड़ लिया। इसके बाद उसके घर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में पुलिस को एल्युमिनियम फॉयल में पैक की गई ब्राउन शुगर की करीब 30 पुड़िया मिलीं। बरामद मादक पदार्थ का कुल वजन लगभग 10 ग्राम बताया गया है। पुलिस ने मौके से मादक पदार्थ की बिक्री अथवा पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली इलेक्ट्रॉनिक माप-तौल मशीन और एल्युमिनियम फॉयल का रोल भी बरामद किया।

**नकद 1.28 लाख रुपये बरामद**

तलाशी के दौरान पुलिस ने 1,28,688 रुपये नकद भी बरामद किए। पुलिस अब बरामद नकदी और अन्य सामान के स्रोत तथा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से इसके संभावित संबंधों की जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी के साथ इस कारोबार में अन्य कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं तथा मादक पदार्थ की आपूर्ति कहां से की जा रही थी।

**एंटी-नार्कोटिक्स टीम लगातार कर रही निगरानी**

गोड्डा पुलिस के अनुसार मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार सूचना संग्रह, सत्यापन, निगरानी और विधिसम्मत छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले मादक पदार्थ तस्करों और इससे जुड़े गिरोहों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।इस छापेमारी अभियान में एसडीपीओ आकाश भारद्वाज, गोड्डा नगर थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह, रौतारा टीओपी प्रभारी राज गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार पाल, अंकित कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक इन्द्रेश शुक्ला, महिला आरक्षी ललिता कुमारी, एसडीपीओ के अंगरक्षक तथा गोड्डा नगर थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे। सूचना देने की पुलिस ने की अपीलगोड्डा पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में आम लोगों से भी सहयोग की अपील की है।

## कच्चा मकान ढहने से मलबे में दबकर गर्भवती की मौत



**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के पंदनी गांव में लगातार बारिश के बीच एक दर्दनाक हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। कच्चा मकान ढहने से मलबे में दबकर सात माह की गर्भवती 32 वर्षीय ललिता देवी की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के मुताबिक, करण शंकर राय का परिवार मंगलवार रात मकान में सो रहा था। इसी दौरान बारिश के कारण अचानक कच्चा मकान भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में करण शंकर राय की पत्नी ललिता देवी मलबे में दब गईं। परिजनों और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला और तत्काल इलाज के लिए चिकित्सक के पास पहुंचाया।ललिता की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें धनबाद पीएमसीएच रेफर किया गया। परिजन रात में ही उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन बुधवार सुबह इलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।बताया गया कि ललिता अपने पहले बच्चे की मां बनने वाली थीं। परिवार नन्हे मेहमान के स्वागत की तैयारियों में था, लेकिन हादसे ने सारी खुशियां मातम में बदल दीं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जरुरतमंद बच्चों के लिए सुरक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था : डालसा



**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला जज रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड स्तर पर शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को कानून का पाठ पढ़ाया गया। इस दौरान डालसा की ओर से गठित टीम ने ग्रामीणों को नालसा की योजना, बच्चों के लिए बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं -योजना 2024 से संबंधित जानकारी दी । इसी कड़ी में सुंदरपहाड़ी प्रखंड के लीगल एड क्लिनक की ओर से लंगडापाथर व मानिक बथान में आयोजित विधिक शिविर में कहा कि प्रत्येक बच्चे को मुफ्त कानूनी सहायता पाने का अधिकार है, चाहे उसकी वित्तीय स्थिति कैसी भी हो। इस विशेष योजना का मुख्य उद्देश्य मुख्य रूप से कानून के साथ संघर्ष में आए या देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को हर स्तर पर मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवाएं देने, पुलिस, अदालतों और कानूनी प्रणालियों में बच्चों के साथ एक बाल-अनुकूल और संवेदनशील माहौल सुनिश्चित करने, शारीरिक या मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों और सहायता देने, यह योजना बच्चों को न्याय प्रणाली के अलग-अलग स्तरों पर सुरक्षा और सहायता देती है।

# तेज बारिश में ही दक्षिणबहाल जोरिया का पुल बेदम एप्रोच रोड धंसा; निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

संताल एक्सप्रेस



**जामताड़ा।** मानसून की पहली ही जोरदार बारिश ने दक्षिणबहाल जोरिया पर बने नवनिर्मित डायवर्सन पुल और एप्रोच रोड की मजबूती पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जामताड़ा-देवघर मार्ग को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण रास्ते पर करीब 1.80 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए निर्माण के कुछ ही महीनों बाद एप्रोच रोड की मिट्टी तेज पानी के बहाव में बह गई। इससे सड़क अंदर से खोखली हो गई है और पुल के दोनों किनारों पर दरारें भी दिखाई देने लगी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण पूरा हुए अभी छह माह भी नहीं हुए हैं और पहली ही मूसलाधार बारिश में सड़क व पुल की स्थिति चिंताजनक हो गई। ग्रामीणों ने निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। लगातार बारिश के कारण क्षेत्र की नदियां और जोरिया उफान पर हैं। सोमवार रात पुल के ऊपर से पानी बहने की स्थिति बनी थी, जबकि फिलहाल पुल के नीचे करीब डेढ़ फीट तक तेज धार बह रही है। बारिश जारी रहने पर जलस्तर बढ़ने की आशंका है। इधर, पथ प्रमंडल के कार्यपालक पदाधिकारी विक्की रविश मुर्मू ने स्थल निरीक्षण के बाद कहा कि आवागमन के लिए फिलहाल कोई खतरा नहीं है। मामूली क्षति हुई है, जिसे जल्द दुरुस्त कराया जाएगा। हालांकि, ग्रामीणों ने तत्काल सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी जांच की मांग की है।

## एसआईआर विशेष सुनवाई शिविर



**संवाददाता नाला (जामताड़ा) ।** विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बुधवार को माड़ालो पंचायत सभागार में विशेष सुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नो-मैपिंग मतदाताओं को भेजे गए नोटिस के आधार पर उनके दावे-आपत्तियों की सुनवाई की गई। इस दौरान मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों के अनुसार मिलान एवं सत्यापन किया गया।शिविर में अपर समाहर्ता पूनम कश्यप की देखरेख में पेशकार टीम ने नोटिस प्राप्त मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनके दस्तावेजों की जांच की। माड़ालो पंचायत के कुल पांच बूथों की सुनवाई की गई, जिसमें बूथ संख्या 223, 234, 235 एवं 236 सहित संबंधित बूथों के मतदाता शामिल हुए। जन्मतिथि के आधार पर इस तरह हुआ दस्तावेजों का सत्यापन

**1 जुलाई 1987 की जन्मतिथि वाले मतदाता-**

जिन मतदाताओं की जन्मतिथि 1 जुलाई 1987 है, उन्हें अपनी पात्रता के समर्थन में निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। इनके दस्तावेजों का संबंधित अभिलेखों से मिलान किया गया।

2 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे मतदाता-

इस श्रेणी के मतदाताओं के लिए स्वयं के साथ माता-पिता दोनों के दस्तावेज प्रस्तुत कराए गए। ये लोग रहे मौजूद शिविर में मुखिया हीरामुणि मुर्मू, बीएलओ सुपरवाइजर श्रवण मरांडी, पंचायत उपाध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के क्र-2 बापी राय, क्र-2 प्रकाश महतो, पंचायत अध्यक्ष बिरजू नाथ हांसदा, हाराधन मुर्मू, अभिजित मंडल, बीएलओ ममता कुमारी मंडल, पूजा बाउरी, मंदिरा मंडल, स्वरूपा मंडल, सुजाता महतो सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में शोक सभा का आयोजन



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** नेपाल में विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए मॉडर्न पब्लिक स्कूल कुंडहित में शोक सभा का आयोजन किया। विद्यालय में शिक्षक एंव छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर और विशेष प्रार्थनाओं के माध्यम से पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की । विद्यालय के प्रधानाध्यापक भजहरी मंडल ने कहा कि नदी में आई बाढ़ से रसुवा नुवाकोट और धडिंग क्षेत्रों में भारी तबाही हुई है।

## ऊर्जानगर में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**महागामा।** थाना क्षेत्र के ऊर्जानगर में 15/16 अगस्त की रात एक व्यक्ति के क्वार्टर में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में महागामा निवासी 26 वर्षीय कन्हैया कुमार यादव उर्फ कन्हैया को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी के 4.50 लाख रुपये नकद, करीब 1.131 किलोग्राम चांदी जैसे धातु के आभूषण तथा 24.40 ग्राम सोने जैसे आभूषण बरामद किए गए हैं। चोरी में इस्तेमाल किया गया लोहे का छोटा सबल भी पुलिस ने जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, 15 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने ऊर्जानगर निवासी एक व्यक्ति के घर में घुसकर नकदी और आभूषणों की चोरी की थी। घटना को लेकर महागामा थाना कांड संख्या 156/2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महागामा के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। एसआईटी ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर 1 सितंबर को पूर्व की चोरी की घटनाओं में संलिप्त कन्हैया कुमार को पूछताछ के लिए थाना लाया। उसकी निशानदेही पर घर में छापेमारी कर नकदी और आभूषण बरामद किए गए।पुलिस के अनुसार, बरामद नकदी में 500 रुपये के 800 नोट यानी चार लाख रुपये तथा 100 रुपये के 500 नोट यानी 50 हजार रुपये शामिल हैं।

## भूली उप स्वास्थ्य केंद्र में सहिया और सहिया साथियों की बैठक संपन्न



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** भूली उप स्वास्थ्य केंद्र में सहिया एवं सहिया साथी की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एएनएम लक्ष्मी साधु ने की, जबकि सहिया साथी मानकुमारी घोष भी उपस्थित रहीं। बैठक में सहिया के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।एएनएम ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मासिक रिपोर्ट एवं प्रतिवेदन को समय पर सहिया ऐप में अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही एचबीएनसी व एचबीवाईसी की प्रगति की समीक्षा की गई।

## शिक्षा व्यवस्था को लेकर डीसी सख्त



**जामताड़ा।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा एवं कल्याण विभाग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। अलग-अलग बैठकों में छात्रवृत्ति, पीएम पोषण योजना, शैक्षणिक गुणवत्ता, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रोजेक्ट प्रज्ञान सहित विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

**छात्रवृत्ति आवेदनों की होगी भौतिक जांच-**

प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के सत्र 2026-27 के 52,675 तथा 2025-26 के लंबित 1,404 आवेदनों पर विचार किया गया। वहीं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के राज्य के 32 संस्थानों के 7,270 और राज्य के बाहर पढ़ रहे 68 विद्यार्थियों के आवेदनों की भी समीक्षा हुई। पारदर्शिता के लिए प्रत्येक प्रखंड के दो विद्यालयों का रैंडम भौतिक सत्यापन कराने और एक सप्ताह में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया।

**एमडीएम में लापरवाही पर कार्रवाई-**

पीएम पोषण योजना की समीक्षा के दौरान डीसी ने कहा कि बच्चों को मेन्यू के अनुरूप पौष्टिक भोजन मिलना चाहिए। बीईईओ और सीआरपी को नियमित निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता जांचने का निर्देश दिया गया। आवंटित खाद्यान्न का समय पर उठाव तथा ड्रॉपआउट बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। जगुवाडीह प्राथमिक विद्यालय में एमडीएम बंद रहने के मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष जोर-**

सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा में आधार सत्यापन, अपार आईडी, यू-डाइस, प्रोजेक्ट रेल, सीपीडी ट्रेनिंग और अन्य सूचकांकों में सुधार के निर्देश दिए गए। करीब 37 विद्यालयों में एसएमसी गठन जल्द कराने को कहा गया।

## गोड्डा में भागवत कथा का तीसरा दिवस



**गोड्डा।** श्री दादी श्याम मंदिर के प्रांगण में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत पुराण कथा के तृतीय दिवस कथा वाचक गोविंद शरण महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार स्वरूप शुकदेव जी तथा राजा परीक्षित के प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा सुनने के लिए मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। कथा के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। शुकदेव जी को भगवान श्रीकृष्ण का अवतार माना गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक विद्वान वक्ता का महत्व होता है, उसी प्रकार योग्य एवं जिज्ञासु श्रोता का भी विशेष महत्व है। ज्ञान को समझकर आत्मसात करने वाला श्रोता स्वयं के साथ-साथ अन्य प्राणियों के उद्धार का भी माध्यम बनता है। मंदिर के पुजारी अशोक शर्मा एवं अक्षय पांडेय भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर श्री दादी श्याम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण टेकरीवाल, सचिव मुकेश गाडिया, पवन टेकरीवाल, पियूष खेमानी, दीपक बजाज, अंकित गाडिया, सरिता टेकरीवाल, कुसुम टेकरीवाल, लक्ष्मी मित्तल, बुलबुल बजाज, रंजू भावसिंहका, सूरज कला जैन, अन्नपूर्णा देवी, मंजु टेकरीवाल, पूजा बजाज, संगीता बजाज, रुक्मणी टेकरीवाल, संगम भगत सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## शिक्षक दिवस पर बदला स्कूलों का समय

**जामताड़ा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के प्रारंभिक विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव किया गया है। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय की ओर से बुधवार, 2 सितंबर को जारी आदेश के अनुसार 5 सितंबर 2026 को जिले के सभी प्रारंभिक विद्यालय सुबह 6:30 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक संचालित होंगे।जिला शिक्षा अधीक्षक ने यह आदेश उपायुक्त जामताड़ा के मौखिक निर्देश के आलोक में जारी किया है। आदेश में जिले के सभी संबंधित प्रारंभिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाध्यापिका तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक-प्रधानाध्यापिका को निर्धारित समय-सारिणी का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया गया है।कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि शिक्षक दिवस के दिन विद्यालयों का संचालन निर्धारित अवधि के अनुसार ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रशासनिक निर्देश का सही तरीके से अनुपालन हो सके। विद्यालय प्रबंधन को समय पर स्कूल खोलने और निर्धारित समय तक शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## चलाया गया वाहन जांच अभियान



**फतेहपुर (जामताड़ा)।** पुलिस अधीक्षक जामताड़ा के निर्देशानुसार बुधवार को फतेहपुर थाना गेट के सामने सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अवसर पर फतेहपुर पुलिस मुख्य सड़क पर आने जाने वाले सभी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोककर हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन के डिक्की की जांच की गई। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी अमर सिंह तापेए ने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच की जा रही है। जिसमें अबतक दर्जनों वाहनों की जांच की गई। मौके पर एएसआई राजा बाबू सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## श्री सिंहेश्वर नाथ मंदिर में कथाओं का समापन



**पोड़ैयाहाट।** प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध बाबा सिंहेश्वर नाथ धाम में सावन माह के दौरान एक माह तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा एवं शिव पुराण कथा का विधिवत समापन हो गया। इस दौरान अलग-अलग स्थानों से पहुंचे कथा वाचक एवं वाचिकाओं ने श्रद्धालुओं को धार्मिक कथाओं के माध्यम से आध्यात्मिक संदेश दिया। पूरे सावन माह बाबा सिंहेश्वर नाथ धाम में भक्तिमय माहौल बना रहा। वाराणसी से आए विद्वान पंडितों द्वारा एक सप्ताह तक महाकाल की महागंगा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आरती के दर्शन किए। सावन माह के अंतिम दिन रक्षाबंधन के अवसर पर भोजपुरी गायक शिवेश मिश्रा एवं गायिका दुर्गा बोस ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजन-कीर्तन के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। समापन समारोह में आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे आयोजन को भव्य एवं सफल बताते हुए धार्मिक कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री 108 बाबा सिंहेश्वर नाथ सेवा सह विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया। ट्रस्ट एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि एक माह तक चले इस धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सफल तरीके से संपन्न कराया गया।

## सरमुंडी में लावारिस हालत में बाईक बरामद




**फतेहपुर (जामताड़ा)।** फतेहपुर थाना पुलिस ने बुधवार दोपहर को सरमुंडी पुलिया के समीप से एक लावारिस होंडा ड्रीम युगा बाइक और मोबाइल बरामद की है। बाइक पुलिया होकर सरमुंडी जाने वाले कच्ची मार्ग के किनारे खड़ी अवस्था में मिली। पुलिस के अनुसार बरामद बाइक का नंबर जेएच 21 एफ 0684 है, जो देवलाल सोरेन, पिता रामधन सोरेन, पता गांव तुरका, पोस्ट जेरवाडीह, थाना मसलिया, जिला दुमका का बताया जा रहा है। स्थानीयों के अनुसार बाइक मंगलवार सुबह से लावारिस खड़ा हुआ देखा जा रहा है। बुधवार को ग्रामीणों ने पुलिस सूचना दी। सूचना मिलते ही फतेहपुर पुलिस स्थल पर पहुंचकर बाइक को जब्त कर थाना ले गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक मंगलवार सुबह से वहां खड़ी हुई थी, लेकिन चालक या किसी अन्य व्यक्ति का कोई पता नहीं चल सका। घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। फतेहपुर थाना प्रभारी अमर सिंह तापेए ने बताया कि बाइक के नंबर प्लेट के आधार पर उसके मालिक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## नेपाल त्रासदी के सबक

दुनिया के देशों के लिए नेपाल त्रासदी को कमतर करके देखना, बड़ी भूल होगी। साल 2020 की कनाडा की रॉक स्लाइड और 2023 की सिक्किम में साउथ ल्होनक झील की ग्लेशियल फटने की घटना हमारे सामने हैं। यह पहली या अंतिम घटना नहीं है अपितु देखा जाए तो समय रहते प्रयास नहीं किये गये तो ऐसी घटनाओं की आवृत्ति जल्दी-जल्दी और अति विनाशकारी होगी। जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले सालों में जिस तरह से प्रकृति का विकराल रुप देखने को मिल रहा है वह चाहे तूफानों के रुप में हो, चाहे जंगलों में लगती आग के कारण हो, ग्लेशियरों के पिघलने की हो, ग्लेशियरों के फटने की हो, भूकंपों की हो, बैमौसम आंधी बरसात की हो, अतिवृष्टि या अनावृष्टि की हो, मौसम चक्र में भले ही आंशिक परिवर्तन की हो या समुद्री तूफानों की बढ़ती फ्रिक्वेंसी की हो बेहद गंभीर हो जाती है।वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों की लगातार चेतावनी को नजरअंदाज करने का ही परिणाम है कि नेपाल जैसी त्रासदियां आम हो रही है। यह केवल नेपाल या इससे जुड़े क्षेत्र के लिए ही गंभीर हालात नहीं अपितु अमेरिका, चीन, भारत सहित दुनिया के दस देश नेपाल जैसी त्रासदी के मुहाने पर खड़े हैं। ग्लेशियर फटने या यों कहें कि ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड यानी कि ग्लोफ जैसे हालात कभी भी इनके दायरे में आने वाले देशों में हो सकते हैं।चिंता की बात है कि अभी तक भारत-नेपाल ही नहीं दुनिया के इस दायरे में आने वाला कोई देश इन आपदाओं से निपटने में पूरी तरह सक्षम नहीं हो सका है। जानकारों की मानें तो भारत, चीन, पाकिस्तान, पेरु के एक करोड़ 50 लाख लोग इनके दायरे में सीधे-सीधे आ रहे हैं। यह वह लोग हैं जो इन ग्लेशियलों के एक किलोमीटर से 10 किलोमीटर के दायरे में रह रहे हैं। आज ग्लोफ खतरे के दायरे में भारत, पाकिस्तान, कनाडा, पेरु, अमेरिका, चिली, इटली, नेपाल और कोलंबिया आए हुए हैंआज संवाद या विचार का विषय यह नहीं रह गया है कि नेपाल त्रासदी में कितने लोगों ने जान गंवाई या जन-धन की कितनी हानि हुई है अपितु यह है कि इस तरह की त्रासदी से निपटने के लिए हम कहां तक तैयार हैं। सवाल यह भी है कि ऐसे हालात क्यों होते जा रहे हैं। उत्तराखंड त्रासदी हमारे सामने है और उस त्रासदी के परिणाम सामने होने के बावजूद लगभग साल-दर-साल भूस्खलन के मामले सामने आ रहे हैं। साफ है कि प्रकृति से एक सीमा से अधिक खिलवाड़ किया जाता है तो विकृति का सामना करना ही पड़ेगा। प्रकृति अपने विकराल रुप में पलटवार करती है। ऐसे में समय के साथ सबक लेना जरुरी है। आज सारी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की बात तो की जाती है पर उस पर अमल नहीं पा रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो हालात यही रहे तो सदी के अंत तक समुद्र का जलस्तर दो मीटर तक बढ़ सकता है। दूसरी ओर अभी से समुद्र तटीय कई शहर डूबने की जद में आने की चेतावनियां दी जा रही है।नेपाल की हालिया त्रासदी का कारण ग्लेशियल का फटना माना जा रहा है। दरअसल, ग्लेशियर और ग्लेशियल में हमें भेद करके चलना होगा। ग्लेशियर भौगोलिक संरचना होती है। यह पहाड़ों और ध्रुवों पर लंबे समय से जमा बर्फ खण्ड होते हैं। यह अपने गुरुत्वाकर्षण के कारण जमे रहते हैं पर जलवायु परिवर्तन और तापमान के बढ़ने के कारण आज बड़ी मात्रा में ग्लेशियर के पिघलने की गति तेज होती जा रही है। ग्लेशियरों के बड़े खण्डों के पिघल कर गिरने से ग्लेशियल झील बनती है। ग्लेशियल झील को हिमनदी झील भी कह सकते हैं। नेपाल की हालिया त्रासदी ग्लेशियल झील के फटने के कारण ही हुई है। वैज्ञानिकों की माने तो ग्लेशियलों के निर्माण की गति में काफी तेजी आई है। यदि हम हिमालय क्षेत्र की ही बात करें तो सतलुज बेसिन में 2019 में 560 ग्लेशियल झीलें थी जो चार साल यानी 2023 तक 1048 हो गई है।नेपाल त्रासदी ग्लेशियल लेक आदटबर्स्ट फ्लड यानी की ग्लोफ का परिणाम है। साधारण शब्दों में कहा जाए तो यह ग्लेशियल झील के फटने का परिणाम है।

# रूस अमेरिका सहित दुनिया के अधिकांश देशों में आर्थिक संकट की आहट

**सनत जैन**

अमेरिका की अर्थव्यवस्था संकट में पड़ गई है। ईरान के साथ युद्ध के बाद अमेरिका आर्थिक एवं सामरिक दृष्टि से बहुत कमजोर हो गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद जिस तरह से टैरिफ नीतियों को लेकर यूरोप, नाटो सहित दुनिया के अ?धिकांश देशों के साथ जिस तरह की दादागिरी की। जिस तरह से ट्रम्प ने टैरिफ लगाया, उससे अमेरिका की आर्थिक स्थिति लगातार गड़बड़ाती चली गई। अमेरिका में महंगाई बढ़ी तेजी के साथ बड़ी इसी बीच ईरान के साथ युद्ध शुरू हुआ। अमेरिका को अहंकार था, वह 15 20 दिन में ईरान को ठिकाने लगा देंगे। ईरान को तो वह ठिकाने लगा नहीं पाए, उल्टे अरब देशों से अमेरिका के पैर उखड़ गए। सारे अमेरिकी सैन्य अड्डे बर्बाद हो गए। 70 फ़ीसदी हथियार खत्म हो गए, जो डर और भय अमेरिका को लेकर सारी दुनिया में बना हुआ था, वह डर और भय भी खत्म हो गया। ट्रंप की नीतियों के कारण डॉलर का दबदबा भी सारी दु?निया से खत्म होता जा रहा है। डॉलर के मुकाबले अन्य मुद्राओं से वै?श्विक कारोबार शुरू हो चुका है। जिसके कारण अमेरिका आर्थिक रूप से विभिन्न कारणों से कमजोर होता चला जा रहा है। अमेरिका में महंगाई के कारण त्राहिमाम मचा हुआ है। कुछ इसी तरह की स्थिति रूस की भी है। पिछले कई वर्षों से यूक्रेन के साथ वह युद्ध लड़ रहा है। भारी आर्थिक एवं साम?रित नुकसान रुस को उठाना पड़ा है। रूस की आर्थिक स्थिति भी तेजी से खराब हो रही है। उसे अपना सोना बेचना पड़ रहा है। इसके बाद भी युद्ध कब खत्म होगा इसका कोई अता पता नहीं है। रूस और अमेरिका का जो अहंकार था, वह यूक्रेन और ईरान ने एक तरह से तोड़ दिया है। रूस और अमेरिका को युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिल रहा है।

यही हाल इजराइल का हुआ है। उनका अहंकार उनके आड़े आ रहा है। इसी बीच चीन ने बड़ी शांति के साथ जब दो महाशक्तियां और दुनिया के अधिकांश देश आपस में लड़ रहे थे। इसका फायदा उठाते हुए व्यापार के जरिए अपनी आर्थिक और सामरिक स्थिति को मजबूत कर लिया। चीन एक नई महाशक्ति के रूप में सारी दुनिया के सामने है। चीन के बिना किसी का काम नहीं चल रहा है। इसमें सबसे ज्यादा खराब स्थिति भारत की है। भारत दो पाटों के बीच में फंसकर बुरी तरह से पिस रहा है। भारत अपने आप को विश्व गुरु के रूप में प्रचारित करके तथा सबसे बड़ा बाजार होने का अहंकार पालकर जिस तरह की गलतियां पिछले एक दशक से कर रहा है। उसके कारण भारत की आर्थिक स्थिति भी दिनों दिन खराब होती जा रही है। सरकार कोई भी दावा करे, उन दावों के विपरीत भारत की आर्थिक स्थिति है। भारत के ऊपर कर्ज बढ़ता चला जा रहा है। भारत का सामरिक खर्च बढ़ता चला जा रहा है। 20 से 25 करोड युवा बेरोजगारी के शिकार हैं। गरीब आदमी गरीब होता चला जा रहा है। महंगाई बढ़ती चली जा रही है। 80 करोड लोगों को मुफ्त अनाज देना पड़ रहा है। इसके बाद भी भारत सरकार भी जिस तरह से रूस और अमेरिका अपने अहंकार से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, कुछ वही स्थिति भारत की देखने को ?मिल रही है। भारत चीन के ऊपर निर्भर होता चला जा रहा है। चीन का आयात भारत में साल दर साल बढ़ता चला जा रहा है। उसके मुकाबले निर्यात घटता जा रहा है। भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। भारत और चीन के बीच में प्रतिस्पर्धा है। सीमा विवाद है, भारतीय सीमाओं पर चीन का अनधिकृत कब्जा बढ़ता जा रहा है। उसके बाद भी भारत सरकार चीन के सामने बेबस नजर आ रही है। अब आर्थिक स्थिति को संभालना और महंगाई से निपटना भारत सरकार के लिए बहुत मुश्किल हो गया है। वहीं अमेरिका, चीन, रूस के तीन पाटों के बीच में फंसकर भारत लगातार पिस रहा है। सभी महाशक्तियां भारत को अपने इशारे पर नचा रही हैं। भारत को उनके इशारों पर नाचना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति इसके पहले कभी नहीं थी। अब जिस तरह की आर्थिक मंदी की वैश्विक स्थिति बन रही है। उसने भारत की चिताओं को बढ़ा दिया है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार को वास्तविक सत्य के आधार पर अपनी नीतियां बनानी होगी। अहंकार से बाहर निकलना होगा। तभी जाकर स्थितियों में सुधार लाया जा सकता है।

# युद्ध और टैरिफ के तूफान में भी भारत की अर्थव्यवस्था का बजा डंका

**कांतिलाल मांडोत**

7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि ने दुनिया को दिया भारत की आर्थिक ताकत का संदेश, सरकार की नीतियों और मजबूत कार्यप्रणाली का दिखा असर दुनिया इस समय आर्थिक और सामरिक अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पैदा हुई वैश्विक परिस्थितियों ने पहले ही ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित कर रखा था। इसके बाद अमेरिका-ईरान तनाव और युद्ध ने वैश्विक बाजारों की चिंता बढ़ा दी। होर्मुज क्षेत्र में पैदा हुए संकट का असर तेल और समुद्री व्यापार पर पड़ा। भारत के आयात-निर्यात पर भी इसका दबाव महसूस किया गया। दूसरी ओर अमेरिका की ओर से भारत पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी और व्यापारिक दबाव ने परिस्थितियों को और चुनौतीपूर्ण बना दिया। इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जिस मजबूती का प्रदर्शन किया है, वह केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं बल्कि देश की आर्थिक क्षमता और नीतिगत स्थिरता का बड़ा संकेत है।

वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत थी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक के लगभग 7 प्रतिशत के अनुमान से भी बेहतर रहा। वैश्विक स्तर पर जब अनेक अर्थव्यवस्थाएं युद्ध, महंगाई, ऊर्जा संकट और व्यापारिक तनाव से जूझ रही हैं, तब भारत की अर्थव्यवस्था का इस गति से आगे बढ़ना निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है।

भारत की इस आर्थिक तस्वीर को केवल बाजार की स्वाभाविक ताकत के रूप में नहीं देखा जा सकता। इसके पीछे सरकार की लगातार बनाई गई आर्थिक रणनीति और उस रणनीति को जमीन पर लागू करने की कार्यप्रणाली भी महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने विकास का आधार केवल तत्काल राहत या उपभोग को नहीं बनाया, बल्कि बुनियादी ढांचे, सड़क, रेल, बंदरगाह, ऊर्जा, रक्षा, विनिर्माण और डिजिटल अर्थव्यवस्था में लगातार निवेश बढ़ाने पर जोर दिया है। यही पूंजीगत खर्च आज आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

पहली तिमाही में सरकार के पूंजीगत खर्च में 18.6 प्रतिशत की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार आर्थिक दबाव के समय भी विकास खर्च को रोकने के बजाय उसे आगे बढ़ाने की नीति पर कायम है। सरकार का यह दृष्टिकोण अर्थव्यवस्था के लिए दोहरा लाभ पैदा करता है। एक ओर बड़े स्तर पर निर्माण और आधारभूत ढांचे की परियोजनाओं से रोजगार और कारोबार को बढ़ावा मिलता है, वहीं दूसरी ओर सड़क, रेलवे, बिजली, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक ढांचे में सुधार से आने वाले वर्षों की आर्थिक क्षमता मजबूत होती है।

भारत की अर्थव्यवस्था में सरकारी निवेश का असर निजी क्षेत्र की गतिविधियों पर भी दिखाई देता है। जब सरकार बुनियादी ढांचे में निवेश करती है तो उससे सीमेंट, स्टील, मशीनरी, परिवहन, निर्माण और अनेक दूसरे क्षेत्रों में मांग पैदा होती है। इससे अर्थव्यवस्था में पैसा घूमता है और निजी क्षेत्र को भी विस्तार का अवसर मिलता है। यही कारण है कि वर्तमान आर्थिक वृद्धि को केवल सरकारी खर्च से जोड़ना उचित नहीं होगा। सरकार द्वारा तैयार किया गया वातावरण निजी निवेश और उपभोग दोनों के लिए आधार तैयार कर रहा है।

आम लोगों की खपत भी आर्थिक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण आधार बनी हुई है। पिछले वर्ष जीएसटी और आयकर से संबंधित राहतों के कारण लोगों के हाथ में खर्च करने योग्य आय बढ़ी। महंगाई की चुनौतियों के बावजूद उपभोक्ता मांग में अपेक्षित कमजोरी नहीं आई। इसका असर यात्री वाहनों की बिक्री में दिखाई दिया, जहां पहली तिमाही में 25.6 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई। यह आंकड़ा बताता है कि घरेलू बाजार में उपभोक्ता विश्वास अभी भी मजबूत है।

बिजली की मांग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बिजली की मांग की वृद्धि दर 1.9 प्रतिशत से बढ़कर 8.4 प्रतिशत तक पहुंचना औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों के बढ़ने का संकेत माना जा सकता है। जब उद्योग, सेवा क्षेत्र, निर्माण और घरेलू खपत में गतिविधियां बढ़ती हैं तो ऊर्जा की मांग भी बढ़ती है। इसलिए बिजली की मांग का यह आंकड़ा अर्थव्यवस्था की व्यापक गतिविधियों को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। सकल मूल्य वर्धित यानी जीवीए के आंकड़े भी भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती को रेखांकित करते हैं। पहली तिमाही में वास्तविक जीवीए वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 7.1 प्रतिशत थी। वहीं नॉमिनल जीवीए वृद्धि 11.5 प्रतिशत दर्ज की गई। नॉमिनल जीडीपी वृद्धि भी 8.1 प्रतिशत से बढ़कर 10.3 प्रतिशत हुई। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि आर्थिक गतिविधियों का विस्तार केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है।

सेवा क्षेत्र की मजबूती भी भारत की आर्थिक कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स यानी पीएमआई 58.6 तक पहुंचना बताता है कि सेवा क्षेत्र में कारोबारी गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। भारत लंबे समय से सेवा क्षेत्र की अपनी क्षमता के लिए दुनिया में पहचान रखता है। सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं, डिजिटल सेवाओं, संचार, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्रों का विस्तार भारतीय अर्थव्यवस्था को लगातार नया आधार दे रहा है। सरकार की कार्यप्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उसने वैश्विक संकटों के बीच आर्थिक गतिविधियों को सामान्य बनाए रखने पर लगातार जोर दिया। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान ऊर्जा और खाद्य बाजार में भारी उतार-चढ़ाव आया।

## पाकुड़ की खबरें

### एस आई आर सुनवाई स्थल का प्रमंडलीय आयुक्त ने किया निरीक्षण



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत प्राप्त दावा एवं आपत्तियों के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। मतदाताओं को अपने निर्वाचक विवरण से संबंधित दावा अथवा आपत्ति दर्ज कराने एवं उसके निष्पादन की प्रक्रिया में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न निर्धारित स्थलों पर सुनवाई की व्यवस्था की गई है। इस क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका श्री शैलेन्द्र कुमार लाल ने बुधवार को लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जामजोड़ी पंचायत भवन में संचालित दावा-आपत्ति सुनवाई प्रक्रिया का निरीक्षण किया व आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन, मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सहायता तथा सुनवाई की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि एसआईआर-2026 का उद्देश्य निर्वाचक सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाना है। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचक सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योग्य मतदाता अपने नाम एवं निर्वाचक विवरण की जांच अवश्य करें। नाम छूटने, विवरण में त्रुटि अथवा किसी अन्य प्रकार की आपत्ति की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा अथवा आपत्ति दर्ज कराएं।

निर्धारित 11 दस्तावेजों में से किसी एक वैध दस्तावेज को प्रस्तुत करें ।ताकि दावा-आपत्ति के निष्पादन में अनावश्यक कठिनाई न हो।निरीक्षण के अवसर पर आयुक्त के सचिव श्री रवि प्रकाश, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. मोजाहिद अंसारी, एईआरओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, लिट्टीपाड़ा श्री संजय कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

पूर्व रेलवे

ई-ठिका खोबोर

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमोक् लागित् ते आईआरईपीएस पोर्टल मेताक्मे वेबसाइट www.ireps.gov.in दाराय ते खुला ई-ठिका नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बानाडाय दो नोडका लेका मेनाक्आः **नीलामी रेयाक् कैटेगरीः पार्किंग। क्रम सं., ई-नीलामी कैटलॉग सं., नीलीमा एहोबोक् रेयाक् तारीक आर स्टेशनको/जायगाको रेयाक् जुतुम दो नोडका** लेका मेनाक्आः (1) **एएसएन-पार्किंग-डीएम,** 12.09.2026 हिलोक् 12.15 बजे, (i) मधुपुर रेलवे स्टेशन रे नावां टिकट बुकिंग ऑफिस ठेन दक्षिण भाग रेयाक् सर्कुलेटिंग एरिया रे टू व्हीलर्स लागित् पार्किंग लॉट। (ii) दुर्गापुर रेलवे स्टेशन रेयाक् दक्षिण भाग वाला जायगा रे टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स आर फोर व्हीलर्स लागित् पार्किंग लॉट। (2) **एएसएन-पार्क-आरकेयू,** 14.09.2026 हिलोक् 12.15 बजे, (i) रानीगंज रेलवे स्टेशन रेयाक् दाक्षिणी भाग रेयाक् सर्कुलेटिंग एरिया वाला जायगा रे टू व्हीलर्स लागित् पार्किंग लॉट। (ii) अण्डाल रेलवे स्टेशन रेयाक् दक्षिण भाग वाला जायगा रे टू व्हीलर्स लागित् पार्किंग लॉट। (iii) कुमारधुबी रेलवे स्टेशन वाला जायगा रे टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स आर फोर व्हीलर्स लागित् पार्किंग लॉट। (3) **एएसएन-पार्क-ईवीडीयूएमके,** 16.09.2026 हिलोक् 12.15 बजे, दुमका रेलवे स्टेशन रेयाक् दक्षिणी भाग रेयाक् सर्कुलेटिंग एरिया रे ई-वेहिकल्स चार्जिंग स्टेशन। (4) **एएसएन-पार्क-डीजीआरपीएएन,** 16.09.2026 हिलोक् 14.15 बजे, (i) दुर्गापुर रेलवे स्टेशन रेयाक् उत्तरी भाग रे टू व्हीलर्स लागित् पार्किंग लॉट। (ii) पानागढ़ रेलवे स्टेशन रेयाक् उत्तरी भाग रे टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स लागित् पार्किंग लॉट। जोतो नामडाक बोलीदाताको चेतान रे ओलाकान सूची लेका रे नोआ ई-नीलामी रेयाक् पुराउ बानाडाय बाडाय आर सेलेदोक् लागित् दो वेबसाइट www.ireps.gov.in जेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

**ASN-185/2026-27**

**ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।**

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### सड़क पर जलजमाव से बढ़ी परेशानी, जल निकासी की व्यवस्था नहीं

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर (पाकुड़)। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण हिरणपुर-पाकुड़ मुख्य सड़क पर तारापुर गांव के समीप जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सड़क किनारे समुचित नाली की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर जमा हो गया है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तारापुर स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप सड़क पर बारिश के दौरान पानी जमा होना पुरानी समस्या है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण थोड़ी देर की तेज बारिश में भी



सड़क का बड़ा हिस्सा पानी में डूब जाता है। पिछले दो दिनों से लगातार बारिश होने के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है। सड़क पर पानी जमा रहने से छोटे वाहनों और दोपहिया चालकों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं, पानी में सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। पैदल राहगीरों को भी जलजमाव के कारण काफी परेशानी हो रही है।ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में हर वर्ष ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, लेकिन अब तक जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से तारापुर में जल निकासी की समुचित एवं स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि बारिश के दौरान सड़क पर जलजमाव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

### बारिश से किसानों के चेहरे खिले, जर्जर सड़कों पर जलजमाव ने बढ़ाई

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। जिले में बुधवार सुबह से रुक-रुककर हो रही झमाझम और रिमझिम बारिश से धान की खेती करने वाले किसानों के चेहरे खिल उठे। बारिश के कारण धान के खेतों में पर्याप्त पानी जमा हो गया है, जिससे फसल को फायदा मिलने की उम्मीद है। खेतों में लहलहाते धान के पौधों को देखकर किसान खुश नजर आए।किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए खेत में पर्याप्त नमी और पानी जरूरी है। पिछले दिनों बारिश की कमी के कारण खेती को लेकर किसानों की चिंता बढ़ी हुई थी। बुधवार को हुई बारिश से खेतों में पानी जमा होने के बाद किसानों को राहत मिली है। हालांकि, बारिश ने प्रखंड मुख्यालय की जर्जर सड़कों की समस्या भी उजागर कर दी। बुधवार को साप्ताहिक हाट होने के कारण बाजार में लोगों की आवाजाही अधिक रही। इस दौरान सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार, जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। शहीद भगत सिंह चौक से डाकघर तक, अंबेडकर चौक से मस्जिद तक और हाटपाड़ा से दत्तापाड़ा तक की सड़कें लंबे समय से जर्जर हैं। बारिश के बाद इन सड़कों के गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़कों की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था को लेकर कई बार प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। जलजमाव के कारण विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इधर, बारिश के बीच प्रखंड क्षेत्र में बिजली की आंख-मिचौनी भी जारी रही। बार-बार बिजली आने-जाने से आम लोगों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ा।

### अमड़ापाड़ा में अब मिलेगी सीएनजी की सुविधा, वाहन चालकों को राहत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता अमड़ापाड़ा (पाकुड़)। अमड़ापाड़ा क्षेत्र के सीएनजी वाहन चालकों के लिए राहत भरी खबर है। अमड़ापाड़ा-छोटापहाड़पुर मार्ग स्थित सरगम पेट्रोल पंप पर अब सीएनजी की सुविधा उपलब्ध हो गई है। सीएनजी सुविधा शुरू होने से क्षेत्र के ऑटो, कार सहित अन्य सीएनजी वाहनों के चालकों को ईंधन भराने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पेट्रोल पंप पर फिलहाल 98 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सीएनजी उपलब्ध कराई जा रही है। वाहन चालक पेट्रोल पंप पहुंचकर अपने वाहनों में सीएनजी भरवा सकते हैं।क्षेत्र में सीएनजी सुविधा शुरू होने से वाहन चालकों में खुशी का माहौल है। खासकर ऑटो एवं सीएनजी कार चालकों को इसका सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। स्थानीय वाहन चालकों का कहना है कि अमड़ापाड़ा में सीएनजी की सुविधा उपलब्ध होने से समय और ईंधन दोनों की बचत होगी तथा दैनिक आवागमन में भी सुविधा मिलेगी।सीएनजी सुविधा शुरू होने से अमड़ापाड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों में सीएनजी वाहनों के संचालन को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय इशाकपुर में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़। सदर प्रखंड के इशाकपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय इशाकपुर में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर अभिभावकों की आमसभा आयोजित की गई। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह प्रखंड समन्वयक के निर्देश पर आयोजित बैठक में पर्यवेक्षक उज्ज्वल ओझा एवं राजेश यादव की मौजूदगी में समिति का पुनर्गठन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित आमसभा में अध्यक्ष पद के लिए मतपत्र के माध्यम से चुनाव कराया गया। इसमें शहादत हुसैन को सर्वाधिक 355 मत प्राप्त हुए और उन्हें विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं अल्हाज शेख को 88, मुनिरूल शेख को 113 तथा मुर्शीद शेख को 45 मत मिले।अध्यक्ष चुने जाने के बाद उपस्थित अभिभावकों एवं सदस्यों ने शहादत हुसैन सहित नवनियुक्त समिति के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, मुफस्सिल थाना के पुलिस बल तथा बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

### हिरणपुर में गणेश महोत्सव की तैयारी तेज, बंगाल के कारीगर सजा रहे पंडाल



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़)। गणपति बप्पा के आगमन को लेकर हिरणपुर में गणेश महोत्सव की तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। सार्वजनिक गणेश पूजा समिति, हिरणपुर की ओर से इस वर्ष भी पांच दिवसीय भव्य गणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।गणेश पूजा के लिए तैयार किए जा रहे भव्य पंडाल को पश्चिम बंगाल से आए कारीगर आकर्षक रूप देने में जुटे हैं। कारीगर दिन-रात मेहनत कर पंडाल को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। पंडाल की सजावट पूरी होने के बाद यह श्रद्धालुओं और आम लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनने की उम्मीद है।समिति के अध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि सार्वजनिक गणेश पूजा समिति इस वर्ष अपनी स्थापना के 26वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। हर वर्ष की तरह इस बार भी गणपति बप्पा की पूजा पूरे विधि-विधान और परंपरा के अनुसार की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि 'स्वच्छता, संकल्प और समर्पण' समिति की मूल विचारधारा है।पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान पूजा-अर्चना और आरती के अलावा बाहरी नृत्य प्रतियोगिता, स्थानीय नृत्य प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इससे गणपति की भक्ति के साथ स्थानीय कला और संस्कृति को भी मंच मिलेगा।फिलहाल पश्चिम बंगाल के कारीगरों द्वारा तैयार किया जा रहा पंडाल लोगों के बीच चर्चा और उत्सुकता का विषय बना हुआ है। पंडाल का निर्माण पूरा होने के बाद गणपति बप्पा का भव्य दरबार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनने की संभावना है।

### आपसी विवाद में छेड़खानी व मारपीट के दो मामले दर्ज

संताल एक्सप्रेस संवाददातामहेशपुर (पाकुड़)। महेशपुर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद को लेकर छेड़खानी, मारपीट और जानलेवा हमला करने के आरोप में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामलों की छानबीन में जुटी है।पहले मामले में एक महिला ने सात नामजद समेत अन्य लोगों पर छेड़खानी और मारपीट का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 31 अगस्त की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रही थी। इसी दौरान डिस्कोमोड के समीप शाहलुम शेख, टीटोन शेख और मोइनुल शेख ने उन्हें मोटरसाइकिल से उतार लिया। आरोप है कि इसके बाद महिला के साथ छेड़खानी करते हुए उसे अंधेरे की ओर ले जाने का प्रयास किया गया। महिला के शोर मचाने पर आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की तथा उसके पति के साथ भी मारपीट की।शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद तीनों वहां से भाग गए। महिला के अनुसार, घटना की जानकारी देने वह उसी रात करीब दस बजे अपने पति के साथ महेशपुर थाना जा रही थी। थाना के मुख्य द्वार के समीप पहुंचने पर शाहलुम शेख, मोइनुल शेख, करीमा खातून, टीटोन शेख, दुलाल शेख, रिंकू शेख और सेनु शेख समेत अन्य लोगों ने दोनों पर हमला कर दिया।महिला ने आरोप लगाया कि उसे जमीन पर पटककर गला दबाने का प्रयास किया गया। किसी तरह उसने अपनी जान बचाई। आरोप है कि करीमा खातून ने उसके हाथ में काट लिया, जबकि मोइनुल शेख ने उसकी सोने की बाली छीन ली। महिला की शिकायत पर महेशपुर थाना कांड संख्या 149/26 के तहत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

वहीं, दूसरे पक्ष के धर्मखांपाड़ा निवासी शाहलुम शेख ने भी तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि 31 अगस्त की रात करीब साढ़े आठ बजे वह महेशपुर अस्पताल से अपने घर लौट रहा था। डिस्कोमोड के समीप पहुंचने पर सेण्टू शेख, रिंकू शेख और बिक्की शेख ने उसे घेर लिया। आरोप है कि सेण्टू शेख ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की।

### पाकुड़ नगर थाना कांड के प्राथमिकी अभियुक्त बिमल बेसरा गिरफ्तार

पाकुड़।पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या 165/2026, दिनांक 09 जुलाई 2026 के प्राथमिकी अभियुक्त बिमल बेसरा (42 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त बिमल बेसरा, पिता स्वर्गीय मुंशी बेसरा, ग्राम शाहारकोल, थाना नगर, जिला पाकुड़ का निवासी है।पुलिस के अनुसार उक्त कांड में अभियुक्त के विरुद्ध धारा 74/62/115(2)/351(2)/78 बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नो-मैपिंग मामलों के निष्पादन को लेकर बाबूपुर व बरमसिया में जनसुनवाई

हिरणपुर (पाकुड़)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत नो-मैपिंग एवं अन्य विसंगतियों से जुड़े मामलों के निष्पादन को लेकर हिरणपुर प्रखंड के बाबूपुर और बरमसिया पंचायत सचिवालय में विशेष जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के मामलों की सुनवाई कर उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच की गई। बरमसिया पंचायत सचिवालय में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ दिलीप टुडू की मौजूदगी में मतदाताओं की समस्याएं सुनी गईं। वहीं, बाबूपुर पंचायत सचिवालय में अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने मामलों की सुनवाई की। नो-मैपिंग की श्रेणी में आने वाले मतदाताओं को अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया।संबंधित कर्मियों और टीमों ने मतदाताओं द्वारा दिए गए दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन किया। साथ ही मामलों से संबंधित जरूरी जानकारी भी दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि दस्तावेजों की जांच में दावा सही पाए जाने पर निर्वाचन नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील की कि मतदाता सूची में किसी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर घबराने की जरूरत नहीं है। संबंधित मतदाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना दावा प्रस्तुत करें, ताकि मामले की जांच कर नियमानुसार उसका निष्पादन किया जा सके। जनसुनवाई के माध्यम से मतदाताओं को अपने रिकॉर्ड से जुड़ी समस्याओं के समाधान का अवसर मिला।

## घर से चांदी के गहने व 30 हजार रुपये चोरी , दो पर प्राथमिकी दर्ज

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** राजमहल- राजमहल थाना क्षेत्र के जदवा टोली में एक महिला के घर से चांदी के गहने एवं 30 हजार रुपये नकद चोरी करने का मामला सामने आया है. मामले को लेकर बोरियो थाना बरमसिया बांझी निवासी संजय टुडू ने राजमहल थाना में आवेदन देकर गांव के लालू मंडल और सूरज मंडल पर चोरी का आरोप लगाया है.आवेदन के अनुसार संजय टुडू की बहन डेमा टुडू जो बोल नहीं पाती हैं ने 27 अगस्त को सांकेतिक भाषा के माध्यम से वीडियो कॉल कर चोरी की जानकारी दी. आरोप है कि घर से चांदी के विभिन्न गहने और करीब 30 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गएमामले में राजमहल थाना में कांड संख्या 297/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी है.

## डीडीसी ने राजमहल के कई पंचायतों का दौरा कर जानी योजनाओं की स्थिति

राजमहल-राजमहल प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत का बुधवार को जिले के उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने दौरा किया. इस दौरान पूर्वी जामनगर पंचायत में पेय जल स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन योजना का निरीक्षण किया गया. वही आवास योजना के तहत विभिन्न आवास लाभुकों से मिलकर आवास पूर्ण करने की बात कही.वही प्रखंड कार्यालय में आवास और भीबीजीरामजी योजना की पंचायत वार समीक्षा की. इस दौरान लेबर एंगेज्ड कम रहने पर पंचायत प्राणपुर, तेतुलिया, सैदपुर के रोजगार सेवक को कड़ी फटकार लगाते हुए सभी रोजगार सेवक को प्रगति लाने का निर्देश दिया. इसके अलावे ईकेवाईसी, मजदूरी भुगतान , सामग्री भुगतान में प्रगति लाने का निर्देश दिया. वही आवास की समीक्षा के क्रम में घाटजमनी, पश्चिम नारायणपुर, गुणिहारी, तेतुलिया में आवास पूर्णता की अपेक्षित प्रगति नहीं रहने के कारण आवास प्रभारी को योजना बना कर आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया. मौके पर कार्यपालक अभियंता शशि सिंह, आवास जिला समन्वयक सुमित चौबे, बीपीओ श्वेता, गगन बापू, सहायक अभियंता विकास कुमार, आवास के एसीओ रवि कांत रवि, मो एहसानुल जमील, कुलदीप कुमार, दीपनारायण मंडल, बिनोद मंडल, भैया बेसरा सहित सभी जनसेवक, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी सहित अन्य उपस्थित थे.

## कई मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

राजमहल-तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के कई मामले के फरार अभियुक्त को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसार थाना कांड संख्या 155/25 के प्राथमिकी अभियुक्त रामचन्द्र पंडित पिता स्व नारायण पंडित ग्राम वृंदावन थाना तीनपहाड़ जिला साहिबगंज को मारपीट, छेड़छाड़ एवं बलात्कार का प्रयास मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया.

## महिला ने ससुर पर लगाई घर बेचने और ताला तोड़कर कब्जा कराने का आरोप, थाने में दिया आवेदन

साहिबगंज-नगर थाना क्षेत्र के गुल्ली भट्ठा मुहल्ला निवासी एक महिला ने अपने ससुर पर घर का ताला तोड़कर अवैध रूप से बेचने और जेवरात व नकदी हड़पने का आरोप लगाते हुए नगर थाने में आवेदन दी है.पीड़िता डॉली कुमारी ने अपने आवेदन में बताया कि वह गुल्लीभट्ठा, साहिबगंज की निवासी हैं. उनके ससुर शंकर प्रसाद सिन्हा ने 07 जनवरी 2026 को अपनी एक कट्ठा 10 धूर जमीन को अपने दोनों बेटों संजय कुमार और अजय कुमार में बराबर-बराबर बांट दिया था. जिसका कोर्ट के द्वारा जरूरी कागजात पर सभी की सहमति से हस्ताक्षर भी है.उन्होंने बताया कि 28 मई 2026 को उनकी मां के निधन के कारण वह अपने पति और बच्ची के साथ मायके चली गई थीं.उनके पति बाहर कमाने चले गए. इस दौरान वह मायके में ही रहने लगीं और बीच-बीच में ससुराल आती-जाती रहती थीं. 23 अगस्त 2026 को जब वह ससुराल आई थीं तो सब कुछ ठीक था.आरोप है कि 30 अगस्त 2026 को जब वह अपना जरूरी सामान लेने ससुराल घर आई तो देखा कि उनके घर के बाहरी गेट का ताला टूटा हुआ है और दूसरा ताला लगा है.जब उन्होंने अपने ससुर से पूछा तो उन्होंने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी और कहा कि घर बेच दिया है.पीड़िता का आरोप है कि पूछने पर पता चला कि ससुर ने उनका हिस्सा गुल्ली भट्ठा, जदयू मोड़ निवासी नितेश कुमार वर्मा को बेच दिया है. महिला ने आरोप लगाया कि घर के अंदर अलमारी में रखा करीब 4 लाख रुपये मूल्य का सोने-चांदी का जेवर, जिसमें 5 ग्राम का सोने का चैन, मंगलसूत्र, मांगटिका, नथ, कान का टॉप्स, पायल, अंगूठी, कंगना सहित अन्य आभूषण, लैपटॉप और डेढ़ लाख रुपये नकद रखे थे वह गायब है.

## नाबालिक लड़की से दुष्कर्म का आरोप राजमहल थाना में प्राथमिक की दर्ज

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** राजमहल-राजमहल थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की ने गांव के ही एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए राजमहल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. मामले में नवाब शेख को आरोपी बनाया गया है. पीड़िता द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि बीते 3 अगस्त 2026 को वह गांव की एक दुकान पर गई थी. इसी दौरान आरोपी नवाब शेख ने कथित तौर पर उसे पीछे से पकड़ लिया और उसके मुंह में कपड़ा देकर जबरन अपने घर के अंदर ले गया. पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके विरोध करने के बावजूद आरोपी ने उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके साथ दुष्कर्म किया. आवेदन में पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि घटना के बाद आरोपी ने उससे शादी करने की बात कही थी. लेकिन बाद में शादी नहीं की. इसके बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत राजमहल थाना में दर्ज कराई. पुलिस ने पीड़िता के आवेदन के आधार पर राजमहल थाना कांड संख्या 298/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. मामले को लेकर राजमहल थाना पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन में जुटी हुई है.

## आजमीने हज को 15 सितंबर तक कराना होगा पहला मेडिकल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-हज कमिटी ऑफ इंडिया के सर्कुलर के अनुसार 2027 के सभी आजमीने हज को 15 सितंबर 2026 तक सरकारी डॉक्टर से अपना पहला मेडिकल कराना होगा.जिला हज कमिटी कॉर्डिनेटर अनवर अली ने बताया कि प्राइवेट डॉक्टर से कराया गया मेडिकल मान्य नहीं होगा. प्राइवेट डॉक्टर से मेडिकल कराने पर आवेदक को अमान्य करार दिया जाएगा. वहीं दूसरा मेडिकल मार्च-अप्रैल 2027 में होगा.मेडिकल कराने के बाद इसकी ऑरिजनल कॉपी व बैंक की रसीद अपने पास संभाल कर रखेंगे. मेडिकल में फेल होने पर आपका आवेदन रद्द कर दिया जाएगा.दूसरा किस्त एक लाख पच्चीस हजार रुपये होगा. जिसे जमा करने की तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी.

**पूर्व रेलवे**

**खुला़ ठिका़ खो़बो़र सं.: 55-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, मा़हित 01.09.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओ़लाकान का़मी ला़गित् ई-ठिका़ नेवतायेत् काना। **का़मी रेयाक़् ञुतुम/जायगा:** ''आसनसोल मंडल - लातार रे ओ़लाकान बाबो़त रे टेलीकम का़मी (1) तापसी - बाराबानी कॉर्ड रेयाक़् खंड रे लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 10 जायगा रे सुमुङ उसुल रेयाक़् सबवे रेयाक़् प्रावधान आर (2) तापसी - बाराबानी कॉर्ड रेयाक़् खंड रे लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 5 रेयाक़् जायगा रे सुमुङ उसुल रेयाक़् सबवे रेयाक़् प्रावधान''। **ठिका़ रेयाक़् पूंजी:** 50,49,326.18, **बायना पायसा:** रु. 1,01,000/-, **का़मी पुरा़उ रेयाक़् सो़मो़य:** आंगो़च साकाम (एलओए) ओडोक़ेक़् रेयाक़् ता़रीक खो़न 18 चान्दो। **ठिका़ बों़दो़क़् रेयाक़् ता़रीक आर सो़मो़य:** मा़हित 24.09.2026 हिलो़क़् 14.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक़् बानाडाय:**
**http://www.ireps.gov.in**

**ASN-187/2026-27**

ठिका़ खो़बो़र दो़ वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों़ बेबो़सता आकान मेनाक़्आ।

नों़डे पांजालेपे: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल पहुंचे बरहेट, विकास कार्यों की ली जानकारी

साहिबगंज -आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल शैलेंद्र कुमार लाल के बरहेट प्रखंड आगमन पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया.इस अवसर पर उप विकास आयुक्त द्वारा साहिबगंज जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से आयुक्त को अवगत कराया. उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की संक्षिप्त जानकारी साझा की.आयुक्त के आगमन से प्रशासनिक समन्वय एवं विकास कार्यों को और अधिक गति देने की दिशा में सकारात्मक संदेश मिला.

# गांव की चौपाल तक पहुंचे आलमगीर आलम, ग्रामीणों से रूबरू होकर जानी समस्याएं



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहरवा-बरहरवा प्रखंड की माधवापाड़ा पंचायत में बुधवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलमगीर आलम ने क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया. पंचायत के जमालपुर, चांदपुर और चांदपुर मध्यटोला में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोगों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की.आलमगीर आलम ने लोगों से बातचीत करते हुए उनकी रोजमर्रा की परेशानियों के साथ-साथ गांव की मूलभूत जरूरतों की भी जानकारी ली.क्षेत्र भ्रमण की शुरुआत जमालपुर पंचायत भवन के समीप से हुई, जहां शाम करीब 3¬30 बजे उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की. इसके बाद चांदपुर में अलाउद्दीन के घर के पास करीब 4 बजे लोगों से संवाद किया. शाम 4¬30 बजे चांदपुर मध्यटोला में आयोजित मुलाकात के दौरान भी बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे.ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री के समक्ष सड़क, पेयजल, आवास, पेंशन, नाली एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं. लोगों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आलमगीर आलम ने संबंधित मामलों पर आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया. उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जनता के बीच पहुंचकर वास्तविक स्थिति को समझना बेहद जरूरी है.क्षेत्र भ्रमण के दौरान एसआईआर नोटिस को लेकर भी ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया. ग्रामीणों को बताया गया कि नोटिस मिलने के बाद किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी. दस्तावेजों को किस तरह तैयार करना है और संबंधित प्रक्रिया के तहत उन्हें कहां एवं किस प्रकार प्रस्तुत करना है. इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी शंकाएं और सवाल भी रखे. जिनका मौके पर ही जानकारी देकर समाधान करने का प्रयास किया गया.

आलमगीर आलम ने कहा कि क्षेत्र की जनता से उनका वर्षों पुराना जुड़ाव है. लोगों के सुख-दुख में उनके साथ खड़ा होना और उनकी समस्याओं को संबंधित स्तर तक पहुंचाकर समाधान का प्रयास करना उनकी प्राथमिकता रही है. उन्होंने कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी बात सुनना ही वास्तविक जनसेवा है और कांग्रेस की राजनीति हमेशा आम लोगों से सीधे जुड़कर काम करने की रही है.उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र के विकास के लिए आपसी सहयोग और सक्रिय भागीदारी बनाए रखने की अपील भी की. ग्रामीणों ने भी अपने गांवों की जरूरतों और विकास से जुड़ी अपेक्षाओं को उनके सामने रखा.कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत टुडू, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, मोफ्फकर हुसैन, जमीरुल इस्लाम, जब्बार शेख, अब्दुल कादिर, दिलदार आलम, शकील अहमद, अलाउद्दीन शेख, नेहाल अख्तर, आलम शेख, नुरूल शेख, अजमल हुसैन, कमरूल शेख, शारिक रब्बानी समेत कांग्रेस के कई पदाधिकारी, पंचायत एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

## पत्रकार हितों को लेकर एआईएसएमजेडब्लूए की बैठक, 13 सितंबर को होगी जिला स्तरीय बैठक



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-पत्रकारों के हितों, अधिकारों एवं संगठन की मजबूती को लेकर एआईएसएमजेडब्लूए की बैठक साहिबगंज स्थित सर्किट हाउस में एआईएसएमजेडब्लूए के जिलाध्यक्ष प्रमोद निरंजन की अध्यक्षता में हुई. बैठक में संगठन के महासचिव तौकारी राज सहित मुकेश मिश्रा, बच्चन पाठक एवं नवीन राय प्रमुख रूप से मौजूद थे. बैठक में पत्रकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा पत्रकार हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई.बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 13 सितंबर को पुनः एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी. जिसमें साहिबगंज जिले के सभी पत्रकारों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी. इस बैठक में पत्रकारों की समस्याओं, अधिकारों, सम्मान, सुरक्षा तथा हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की जाएगी.अध्यक्ष प्रमोद निरंजन ने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी है और पत्रकारों के हितों की रक्षा तथा उनकी आवाज को मजबूती से उठाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है. उन्होंने जिले के सभी पत्रकारों से आगामी बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया. संगठन ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में पत्रकार हितों की आवाज को और अधिक मजबूती एवं प्रभावशाली तरीके से उठाया जाएंगा.

## अपनी पत्नी के एसआईआर से संबंधित दस्तावेज बनवा कर घर लौट रहा युवक हादसे का शिकार, मौके पर मौत

संताल एक्सप्रेस बरहेट - बरहेट-लिट्टीपाड़ा मुख्य सड़क पर कदमा गांव के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार पिकअप वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार निकोलश हांसदा की मौके पर मौत हो गई. हादसे में बाइक पर सवार उसका साथी जिनसे टुडू गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतक आमापारा के नारायणपुर गांव का निवासी था.परिजनों के अनुसार निकोलश अपनी पत्नी के एसआईआर से संबंधित दस्तावेजों को तैयार कराने के लिए साथी के साथ मंडरो गया था. वहां जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन संबंधी कार्य पूरा करने के बाद दोनों बाइक से अमड़ापाड़ा लौट रहे थे. इसी दौरान कदमा गांव के समीप सामने से आ रहे मुर्गा लदे पिकअप वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी.निकोलश अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है. झामुमो नेताओं ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए सरकारी मुआवजा दिलाने में सहयोग का भरोसा दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और पिकअप वाहन की तलाश कर रही है.

## बरहेट के एसआईआर शिविर पहुंचे संथाल परगना आयुक्त, मतदाता सूची सुधार कार्य का लिया जायजा



बरहेट - बरहेट प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को मतदाता सूची में एनोमली वाले मतदाताओं की त्रुटियों के सुधार के लिए शिविर लगाया गया.शिविर में मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर मतदाता सूची में दर्ज नाम, उम्र सहित अन्य त्रुटियों को सुधारने की प्रक्रिया की गई.शिविर में सहायक निर्वाचक पदाधिकारी अनिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमुदिनी टुडू, बीडीओ सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी अंशु कुमार पांडेय, थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया, प्रखंड प्रमुख बर्नार्ड मरांडी एवं झामुमो प्रखंड सचिव मुजीबुर रहमान मौजूद थे. उपस्थित लोगों द्वारा मतदाताओं को आवश्यक जानकारी एवं सहयोग दिया जा रहा था.इस दौरान संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त शैलेन्द्र लाल भी शिविर पहुंचे. उन्होंने शिविर में चल रहे मतदाता सूची सुधार कार्य का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की.

## डीडीसी की अध्यक्षता में संयुक्त तकनीकी एवं प्रशासनिक दल ने किया योजनाओं का स्थल निरीक्षण



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - जिले में आमजनों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संचालित जलापूर्ति योजनाओं की गुणवत्ता एवं प्रगति की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से बुधवार को डीडीसी सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में डीसी द्वारा गठित तकनीकी एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा राजमहल, पतना एवं बरहेट प्रखंड अंतर्गत विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया.

निरीक्षण के दौरान संयुक्त दल द्वारा संबंधित जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन की प्रगति, कार्य की गुणवत्ता, संरचनाओं की स्थिति, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था तथा योजनाओं के सुचारु संचालन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई. अधिकारियों द्वारा स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक निर्देश दिए गए.डीडीसी सतीश चंद्रा ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जलापूर्ति योजनाओं के कार्यों में गुणवत्ता मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए. ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो सके. उन्होंने योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव पर भी विशेष ध्यान देने तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, साहिबगंज, सहायक अभियंता आरडीएसडी, तकनीकी पदाधिकारी एवं संबंधित कनीय अभियंता उपस्थित थे. संबंधित अधिकारियों द्वारा योजनाओं की वर्तमान

स्थिति एवं प्रगति से संयुक्त दल को अवगत कराया.

जिला प्रशासन द्वारा जिले में हर घर तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जलापूर्ति योजनाओं की नियमित निगरानी एवं स्थलीय निरीक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है. प्रशासन का लक्ष्य है कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए ग्रामीण परिवारों को दीर्घकालिक एवं सतत पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जा सके.

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विश्वविद्यालय में गणतंत्र परेड में चयन हेतु दुमका जायेंगे

**संवाददाता**

साहिबगंज -सिदो कान्हू मुर्मू दुमका विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रंजीत कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को पूर्व गणतंत्र परेड शिविर 2026-27 कार्यक्रम में चयन हेतु कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कुमार प्रशांत भारती के नेतृत्व में भेजना सुनिश्चित किया है.ये स्वयंसेवक कल दिनांक 3.9.2026 को सिदो मुर्मू विश्वविद्यालय दिग्घी परिसर में चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे इसके बाद इनका चयन 26 जनवरी 2027 नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड हेतु होगा. वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका द्वारा एक पत्र महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर कुमार प्रशांत भारती को उनके इस चयन कार्यक्रम में चयन समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत होने हेतु प्राप्त हुआ है. जिसमें उन्हें उक्त चयन प्रक्रिया में प्रतिभागियों के चयन समिति के सदस्य के रूप में भाग लेना है.

**जिला ग्रामीण विकास शाखा, देवघर**

दूरभाष संख्या : 06432-232344, फैक्स : 06432-231675 ई–मेल : ddc-deo@nic.in

पत्रांक :....................../जि०ग्रा०वि०शा०, देवघर, दिनांक :.......................2026 ई०।

**–: आम सूचना :–**

सरकार के उप सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–2344/ग्रा०वि०, दिनांक–29.07.2026 एवं सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–2681/ग्रा०वि०, दिनांक–19.08.2026 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण (PMAY-G) के आवास प्लस 2024 सर्वेक्षण अन्तर्गत लाभार्थियों की ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित स्थायी प्रतीक्षा सूची (PWL) का अपीलीय समिति से अनुमोदन के पूर्व स्वीकृत एवं अस्वीकृत परिवारों की सूची को सार्वजनिक करते हुए आपतियाँ/अपीलें प्राप्त करने का निदेश प्राप्त है। उक्त निदेश के आलोक में ग्राम सभा से अनुमोदित सभी स्वीकृत एवं अस्वीकृत परिवारो की सूची दिनांक–05.09.2026 से 20.09.2026 तक जिला के सभी प्रखण्ड एवं पंचायत कार्यालय में प्रकाशित किया जायेगा। उक्त सूची पर किसी प्रकार की आपत्ति/अपीलें हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अथवा उप विकास आयुक्त, देवघर (जिला ग्रामीण विकास शाखा,देवघर) के कार्यालय में दिनांक–05.09.2026 से 20.09.2026 तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है। उक्त निर्धारित तिथि के बाद कोई दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

उप विकास आयुक्त,
देवघर

PR 388907 Deoghar(26-27).D

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Office Of The
Electrical Superintending Engineer, Electric Supply Circle, Sahibganj

**Emergent e-TENDER NOTICE**

e-tender in two part (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 233/PR/JBVNL/2026-27 | R/M of office chamber of Electrical Executive Engineer, Central Store, Sahibganj | 3,89,200.00 | 7,800.00 | 750.00 + 135.00 (GST 18%) = 885.00 | 60 days |
| Availability of tender documents on website | | | | 03/09/2026 at 02:00 PM | | |
| Last date and time for bid submission/uploading of documents. | | | | 11/09/2026upto 01:00 PM | | |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | | | | 12/09/2026 at 02:00 PM | | |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | | | | Will be communicated later on | | |
| Tendering Officer and address for communication | | | | Electric Supply Circle, Sahibganj | | |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline No. 6436357343 and for any clarification regarding NIT contact No.-7903220381.
2. The cost of BOQ& earnest money must be deposited through online mode only. The money deposited by any other mode by the firms against any tender of the Nigam or this office will not be considered for earnest money and BOQ under any circumstances. Tenderer shall keep the payment acknowledgment receipt with them as it might be needed to be produced before tendering authority when prompted.
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Sahibganj

PR 388870 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (26-27)_D

**कार्यालय नगर परिषद्, गोड्डा**

**–: आम सूचना :–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोड्डा नगर परिषद् का अपना लोगो तैयार किया जाना है, जिससे नगर परिषद्, गोड्डा की अपनी एक अलग पहचान हो। इस कार्य हेतु इच्छुक आम व्यक्ति/छात्र–छात्राओं/फर्म से दिनांक–10.09.2026 के मध्याह्न 12:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस कार्य हेतु इच्छुक आम व्यक्ति/छात्र–छात्राओं/फर्म से प्राप्त लोगो में से श्रेष्ठ लोगो का चयन कार्यालय नगर परिषद्, गोड्डा के द्वारा किया जाएगा एवं श्रेष्ठ प्रवृष्टि को इस कार्यालय के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही प्रशस्ति–पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

PR 388880 Urban Development and Housing(26-27)#D

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, गोड्डा

**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)**
**जिला जल एवं स्वच्छता मिशन "प्रकल्प" गोड्डा**
Email :- sbmcellgodda@gmail.com

**आम–सूचना**

गोड्डा जिला अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) फेज–2 के तहत् छुटे हुए योग्य लाभुक जो अबतक स्वंय से शौचालय निर्माण के बाद (12000.00) प्रोत्साहन राशि का लाभ लेना है तो लाभुक द्वारा निर्मित शौचालय का उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराते हुए प्रोत्साहन राशि (12000.00)रू0 प्राप्त कर सकते है।

1. लाभुक द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ 03 फोटो यथा – लाभुक के साथ बनते क्रम का फोटो, लाभुक के साथ निर्मित शौचालय का फोटो एवं लाभुक के साथ दो लीच पीट गढ्ढों वाला फोटो (मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित) संलग्न करना है।
2. आधार कार्ड की छायाप्रति।
3. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
4. लाभुक का मोबाईल नम्बर।

नोट– (लाभुक के परिवार में पूर्व में शौचालय का लाभ प्राप्त नहीं हुआ हो।)

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गोड्डा

PR 388829 Drinking Water and Sanitation(26-27).D

# इसरो दो़ अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट अंतरिक्ष रेय कोला नावां इतिहासे ओ़ला

**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो दो़ 4 सितंबर 2026हिलोक् जीएसएलवी.-एफ17/ईओएस-05 मिशन होतेते अर्थ ऑब्जर्वेशनसैटेलाइट अंतरिक्ष रे कोल रेयाक् सापड़ाव रे मेनाक्कोआ। नोआमिशन रेयाक् प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा रे मेनाक् सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र खो़न ञिन्दा़ 2.55 बजे निट आकाना। नोआ



मिशन दो़ धा़रती रेयाक् फायलाव अवलोकन आर उच्च गुणआनाक् फे़टो़को एमो़क् पोंथारे जा़रूड़ानाक् कदमको मानावेत् काना। मीडिया रिपोर्ट लेकाते,केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह दो़ एक्स रे मिशन रेयाक् जानकारीकाथाय ला़ई केदा। ईओएस-05 खो़न ञाम आंकड़ाको बेबो़हारचासो़क्, आपदा प्रबंधन, शहरी नियोजन आर राष्ट्रीय सुरक्षा लेकानटोठा रे होय दाड़ेयाक्। जियो इमेजिंग उपग्रह पृथ्वी रेयाक् ओ़तरेयाक् फायलाव चिता़रको आर जा़रूड़ान आंकड़ाए कोलेत् काना।उपग्रह खो़न ञामो़क्आक् डेटा सरकारी एजेंसिको आयमा जा़रूड़ान फयसाला हाताव रेय गो़ड़ों दाड़ेयाक्आ। खासकाते डुबा़, भूस्खलन, बिरसेंगेल आर एटाक् प्राकृतिक आपदाको ओ़कते पृथ्वी अवलोकन उपग्रहकोखो़न ञामो़क्आक् जानकारी राहत आर बांचाव अभियानको ला़गित्जा़रूड़आनाक् सा़बितो़क् काना। नोआ छाडा सीमा़सोर टोठा रेयाक् निगरानी आर बुनियादी ढांचा रेयाक् योजना बेनाव रे हों नोडकानउपग्रहको जा़रूड़ाक् ताहेंन काना।

नोआ प्रक्षेपण हो़ड़ होको ञेलदाड़ेयाक्आ। श्रीहरिकोटा रेयाक् सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र रेमेनाक् लॉन्च व्यू गैलरी खो़न रॉकेट रेयाक् प्रक्षेपण ञेल रेयाक् सुबिता मेनाक्आ। नोआ ला़गित् मो़नेजो़ङान हो़ड़ दो़ऑनलाइन पंजीकरण होयोक्ताकोआ। ञिन्दा़ ञुत रे रॉकेट सेरमासेच् आ़डी मुरूक ते लाहाक् रेयाक् ञेनेलको खास अनुभव होयोक्आ।जीएसएलवी-एफ17/ईओएस-05 मिशन हों नोआ कुरूमुटू रेयाक् हिसा़काना। नोआ मिशन रेयाक् सफलता ते पृथ्वी अवलोकन दाड़े केटेच् ञामो़क् सालाक् चासा, सुरक्षा आर आपदा प्रबंधन लेकान टोठा रेअंतरिक्ष आधारित सेवाको बेबो़हार बाढ़ाव ञामो़क् आस मेनाक्आ।

## पलामू रे झो़मो़र-झो़मो़रे दाग रेयाक् येलो अलर्ट, 3 सितंबर तायो़म रावालो़क् रेयाक् आस

**खोबोरिया**

**पलामू ।** बंगाल रेयाक् खाड़ी आर उत्तरी तटीय ओडिशा चेतान रे निम्न दबाव रेयाक् असर ते झारखंड रे दोड़हा ते मानसून रूवा़ड़हालावाकाना। नोआ सिस्टम रेयाक् प्रभाव ते पलामू जिला रे सिंगेमाहांहिलोक् खो़न मित् तालावे दाक्एत् काना। मालजालको मुसकिलचाबावाकाना। दाक् खा़तिर ते ओड़ाक् खो़न ओडोडो़क्को मुसकिलो़क्काना। सा़गुनमाहां हिलोक् झो़मो़र-झो़मो़रे दाग रेयाक् येलो अलर्ट हो़ंय जा़रीयाकादा। हुडुर-बिजली, सांवते 30-40 किलोमीटर प्रति



घंटारेयाक् ता़पिस ते हो़य चालाव दाड़ेयाक्आ। मौसम विभाग दो़ हो़ड़को हुडुर-बिजली आर दाक् खो़न बांचाक् ला़गित् ते सो़न्तो़र आकानताहेंन रेयाक् सोलहाय एम आकात्कोआ।नो़ते दाक् खा़तिर ते जिला रेयाक् आसो़ल गाडा सोन, कोयल आर अमानतसांव-सांवते एमान तेयाक् का़टिच्-का़टिच् गाडा हों सारेड़फेडो़क् काना।नोवाको गाडा आड़े-आड़े तेन आतो हो़ड़ दो़ माइकिंग काते प्रशासनेअलर्टएत्कोआ। गाडाको आर पुखरीको आड़े ते बाङ चालाक् ला़गित् ते प्रशासनिक गाइडलाइन मानाव-बाताव ला़गित्ए नेहो़रात्कोआ।

## बिर हा़तीको हामलाकेत् तेय ञेय घा़लेना जुवा़न

**खोबोरिया**

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला रेयाक् टोंटो प्रखंड रे बिर हा़तीकोवाक्दाम-दा़सिर दो़ तातले ढेर चालाक्कान ताकोआ। नीमडी पंचायत रेयाक्चाली आतो रे बालेमाहां हिलोक् चासा-बासे हो़रहो़येत्कान ताहेंन 28बो़छो़र उमा़र रेन चा़सी गुड्डू गोप उपा़र रे मित्टेन बिर हा़तीदो़ आचकाये हामला केदा। हा़ती दो़ गुडु सूंड ते हातावा ञाम केदेयाआरे तावाक् केदेया आर जांगा तेय लेबेत् केदेया। नोआ घो़टना रे गुड्डू दो़ गा़हिर रूप तेय घा़लेना। उनी दो़ उसा़रा ते सदर अस्पताल चाईबासा तेको इदी केदेया। ओन्डे उनीयाक् रान मुरगा़न दो़ चालाक्कान ताया। टोठा रेन हो़ड़को ठेन खो़न बाडाय ञामा आकान लेका तेबालेमाहां ञिन्दा़ सेच् गुड्डू गोप दो़ आतो हो़ड़ सालाक् हो़ड़ो़कोहो़रहो़येत्कान ताहेंना।



पारो़मेन आयमा दिन खो़न टोठा रे बिरहा़ती दो़ दो़ल रेको दाड़ां बाड़ायकान ताहेंना आर तातले खेत रेचालाव कातेत् हो़ड़ो़को जो़मेत्कान ताहेंना। उन ओ़कते खेतआडे-पासे दिगधा़को आटकारकेत् रे आतो हो़ड़ दो़ टॉर्चकातेत्ओ़बो़सताको ञेल ला़गित् तेको कुरूमुटू केदा। टॉर्च रेयाक् मारसाल ञेल ते बारया हा़ती दो़ आचका सामाङ रेकिन हेच् एना। आतोहो़ड़ दा़ड़ बाड़ाय ते गे नोआ खो़न माड़ाङ रे गे मित्टेन हा़ती दो़गुड्डू आयाक् सूंड ते हातवा केदेया आर ओ़त रेय तावाक् केदेया।ओना तायो़म हा़ती दो़ जांगा तेय लेबेत् केदेया, नोआ इया़ते चासीयाक्डांडा आर जांगा रे गा़हिरे बाजावेना। आचका हामलाकेत् ते ओन्डेकोताहेंकान आतो हो़ड़ दो़को आंम-मांदावेना। मेनखान एयाय गो़टेच् आतोहो़ड़ दो़ साहो़ंस कातेत् ठंगा सालाक् ते मुरूक माछाको का़उमा़उकेत् एहो़प् केदा। तातले का़उको आंजो़म कातेत् हा़ती दो़किन पा़चलावेना आर गुड्डूकिन आड़ाक् कातेत् ओन्डे खो़नकिन दा़ड़ केदा। आतो हो़ड़ाक् गो़ड़ो़ ते सदर अस्पताल चाईबासाको इदी केदेया। डॉक्टर दो़ ओन्डे रान-मुरगा़न तायो़म उनीयाक् डांडा आर जांगा रे गा़हिर बाजावाकाने ला़ई केदा।

## जेएसएलपीएस कैडर दीदिकोवाक् खो़ज ला़गित् विधायक सुदीप गुड़िया साँवतेको ञापामेना

**● विभाग रेन मंत्री साँवतेको गालमाराव केदा**

**खोबोरिया**

**खूंटी।** झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी कैडराक् जुदा़-जुदा़ खोज आर मुसकिलाक्को ला़गित् बुधवार हिलोक् कैडर दीदिको दो़ तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया साँवतेको ञापाम एना। तपकारा रे मेनाक् विधायक कार्यालय रे होयेन नोआ ञापाम ओ़कते कैडर दीदिको दो़ आकोवाक् मुसकिलाक् आर खो़ज रे फायलाव तेविधायक सामाङ रे काथाको दो़हो़ केदा आर ओनकोवाक् उसा़राते फण्डाव ला़गित् जा़रूड़तेयाक् पोंथायको आरो़जादेया। कैडर दीदिकोलाई केदा जे जेएसएलपीएस होतेते आतो टोठा रे आजीविका संवर्धन, महिला सशक्तीकरण आर गो़गो़ दो़ल सांव जोड़ाव जुदा़-जुदा़ गतिविधिकोओ़त रे सेटेराको रे जा़रूड़ानाक्को का़मीयेत् काना।




एनरेहोंआयमा लेकानाक् मुसकिलाक् सामना होयाको काना। ओनको दो़ विधायक ठेन नोआ मुसकिलाक् सरकार आर जो़नो़ड़ाव विभाग सामाङ रे केटेच्ते दो़हो़यको खो़ज केदा। दीदिकोवाक् मुसकिलाक् गा़हिरते आंजो़मतायो़म विधायक सुदीप गुड़िया दो़ तुरा़ंत पोंथाय तुलुच् जो़नो़ड़ावविभाग मंत्री ठेन फो़न रेय गालमाराव एना। विधायक दो़ मंत्री सामाङजेएसएलपीएस कैडराक् खो़ज आर मुसकिलाक्को दो़हो़ केदा आर ओनाफण्डाव ला़गित् जा़रूड़तेयाक् कुड़पाड़को आरो़जादेया। विधायक दो़कैडर दीदिकोय भोरसा ओचोकेत्कोआ जे ओनकोवाक् खो़ज फण्डाव ला़गित् विभाग ता़री रे जा़रूड़तेयाक् पोंथाक्आ। जेएसएलपीएस कैडरग्रामीण अर्थबेबो़सता आर महिला सशक्तिकरण सांव जोड़ाव जा़रूड़ानाक्का़मी होयोक् काना, ओनाइया़ते ओनकोवाक् मुसकिलाक् रेयाक्फण्डाव होयोक् जा़रूड़ काना। सुदीप गुड़िया दो़य मेन केदा जे कैडरदीदिकोवाक् खो़ज ला़गित् मिमित्आक्ए कुरूमुटुया। उनीयकाथावात्कोआ जे जो़नो़ड़ाव विभाग ता़री रे मोंजतेयाक् कुड़पाड़निट ओचोय ला़गित् पोंथा इदिया आर जा़रूड़ पाड़ावक् रे मामला दो़सरकार सामाङ रे हों केटेच् तेस राकाबा। विधायकाक् तुरा़ंत पोंथा ते कैडर दीदिको रे आकोवाक् खो़ज फण्डाव ला़गित् आसा एभेनाकाना। उनी दो़ विधायक सामाङ रे आकोवाक् मुसकिलाक् दो़हो़ आर तुरांत विभाग मंत्री सांवते गालमाराव काते मामला लाहा सेच् लाहायला़गित्को सारहाव केदेया। कैड दीदिको दो़ आसको दो़हो़ केदा जेविधायक्आक् पोंथा तायो़म ओनकोवाक् लंबित खो़ज आर मुसकिलाक्कोफण्डाव पोंथा रे उसा़राते केटेच् पोंथाय राकाबा।

## भारत रे एआई रेयाक् बाढ़ाक्कान खो़ज ते बिजली कंपनिकोवाक् कारोबार रे बाढ़ावो़क् रेयाक् आस

**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** भारत रे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटलसेवाको आर इंटरनेट बाढ़ाक् बेबो़हार सालाक् डेटा सेंटर रेयाक् कारोबार उसा़राते फायलावक् काना। डेटा सेंटर रे दो़ 24 घंटा आयमा मात्रा रे बिजली रेयाक् जा़रूड़ ताहेंन कानां। नोआछाडा निर्बाध बिजली आपूर्ति ला़गित् ट्रांसफॉर्मर, स्विचगियर, बैकअपपावर, जनरेटर आर कूलिंग सिस्टम लेकान उपकरण हों जा़रूड़ताहेंन काना। नोडका रे डेटा सेंटर बाढ़ाक् फायलाव रेयाक् फायदाएकेन तकनीकी कंपनिको धा़बिच् सीमित बाङ ताहेंनाक्, बो़रो़ङ बिजलीआर पूंजीयान सामान बेनावआन कंपनिको हो़ंय ञाम दाड़ेयाक्आ।रिपोर्ट लेकाते पूंजीगत सामान क्षेत्र रे डेटा सेंटर सोर भविष्य रेकेटेच् खो़जान टोठा रे सेलेत् मेनाक्आ। एबीबी इंडिया, सीमेंस, सीजी पावर, किर्लोस्कर ऑयल,



थर्मेक्स आर त्रिवेणी टर्बाइन लेकानकंपनिको डेटा सेंटर सांव जोड़ाव नावां ऑर्डर आर कारोबार रेबाढ़ाक् रेयाक् लाभ ञामो़क् रेयाक् आस मेनाक्आ। टीडी पावर हों अमेरिका रे डेटा सेंटर बाढ़ाक् जा़रूड़ाक् सांव जोड़ाव गैसजनरेटर ओ़पसो़र रेय का़मीयेत् काना। लार्सन एंड टुब्रो रेयाक्कुल ऑर्डर बुक रे निजी क्षेत्र रेयाक् हिसेदारी पासेच् 40 फीसदी मेनाक्आ आर होयदाड़ेयाक् नावां ऑर्डरको रे नोआ पासेच् 45 फीसदीमेनाक्आ। एल्युमिनियम आर हॉट रोल्ड कॉइल रेयाक् दामको रेहालिया नरमी ते हिजुक्आक् तिमाहिको रे मार्जिन सुधा़र रेयाक् आसमेनाक्आ। आदो़म कंपनिको दामको रे हांको बाढ़ाव चुका़उ आकादा। ट्रांसमिशन, डेटा सेंटर आर रक्षा क्षेत्र सांव जोड़ाव पूजीगत खाचरेयाक् थीम केटेच् ते बेनाव आकाना। ब्रोकरेज दो़ ला़टू शेयरको रे लार्सन एंड टुब्रो, कमिंस इंडिया आर जीई वर्नोवा टीएंडडीको कुसीआकावादा। मिडकैप रे कल्पतरू प्रोजेक्ट्स रक्षा क्षेत्र रे भारतइलेक्ट्रॉनिक्स आर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण रे डिक्सन टेक्नोलॉजीज पंसदीदा शेयर रेको दो़हो़ आकादा। रिपोर्ट लेकाते, निवेशकको ला़गित् नोआ बुजहा़उ जा़रूड़ गेया जे डेटा सेंटर रेयाक् बाढ़ाक्खो़ज रेयाक् फायदा जो़तो़ कंपनिको सोमाज रूप ते बाको ञामा। जुदीडेटा सेंटर सांव जोड़ाव ऑर्डर केटेच् बेनाव ताहेंन काना आरलागत रेयाक् दबाव को़मो़क् काना, तो़बे बिजली, ट्रांसमिशन, कूलिंग आर बैकअप पावर सांव जोड़ाव कंपनिको ला़गित् दारायकान बो़छो़ररे ला़टू कारोबार ओ़पसो़र बेनाव दाड़ेयाक्आ।

## भारत हिक्जुक्को विदेशी ञेलानिया़कोवाक् लेखा घाटावेना तुर्की, थाईलैंड दिसा़मको खो़नबोन तायो़म

**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** भारत दो़ आयाक् माराङ सांस्कृतिक आर प्राकृतिक आको़रसो़नको रे हों विदेशी पर्यटक ञेलानिया़को आको़रसो़नकोला़गित्को संघर्षएत् काना। मित् रिपोर्ट लेकाते, पारो़मेन बो़छो़र भारत हिजुक् विदेशी पर्यटक ञेलानिया़कोवाक् लेखा 8.1 फीसदी खो़नघाटावकाते 91.5 लाख ताहें आकाना। पारो़मेन बो़छो़र भारत रेहिजुक्को विदेशी पर्यटककोवाक् लेखा 91.5 लाख ताहेंयेना, ओकादो़2019 रेयाक् 1.09 करोड़ मुकाबला पासेच् 16 फीसदी को़म गेया। हाहाड़ा काथा काना जे 30 लाख खो़न हों को़म आबादीयान अल्बानिया रेभारत खो़न जा़सती विदेशी पर्यटकको सेटेर एना। पर्यटन मंत्रालयलेकाते, पारो़मेन बो़छो़र भारत हेच्एन 91.5 लाख विदेशी पर्यटककोखो़न पासेच् आधा उत्तरी अमेरिका आर यूरोप खो़नको ताहेकाना।मीडिया रिपोर्ट लेकाते पर्यटकको आर पर्यटन उद्योग साँव



जोड़ाव अधिकारिको दो़ भारत रे विदेशी पर्यटनाक् को़मजो़र आंकड़ातायो़म रे आयमा कारो़नको लाई आकादा। नोआ रे ठगी, सुरक्षा बाबो़त चिंता़को, गाडी रेयाक् मुसकिलाक् आर जटिल वीजा प्रक्रियाको सेलेत् मेनाक्आ। भारत रेयाक् पर्यटन उद्योग नित उसा़राते घरेलू सांगारिया़को रे धेयान केंद्रित दो़हो़येत् काना। पारो़मो़नबो़छो़र घरेलू सांगारको रेयाक् लेखा 46फीसदी बाढ़ावकाते 429करोड़ होय एना, ओकादो़ महामारी खो़न लाहा रेयाक् ता़री खो़नपासेच् बारगुना मेनाक्आ, बाढ़ाक् आय, बेसता़र बुनिया़दी ढांचाआर धो़रो़मतेयाक् ठा़ंवको सांगार रे हो़ड़को मोनेयाक् दो़नोआए रेस आकावादा। को़मजो़र टाका दो़ भारतीयको ला़गित् विदेश सांगार महंगाय बेनाव आकादा, पीएम मोदी हों हो़ड़को ठेन आयाक्सांगार रेयाक् बजट दिसा़म भितरी गे खो़रचाय रेयाक्ए आरो़जआकाना। भारत रे विदेशी पर्यटनाक् को़मजो़र आंकड़ाको रेयाक्असर पर्यटन ते होयोक्आक् कामाव रे हों ञेलो़क् काना।सरकाराक् थिंक टैंक नीति आयोग दो़ जून रे जारी मित् रिपोर्टरे मेन लेदा जे भारत रेयाक् 35 अरब डॉलर विदेशी पर्यटन आयतुर्की, थाईलैंड आर सऊदी अरब लेकान का़टिच् पर्यटन बाजारको खो़न तायो़म गेया। अधिकारिकोवाक् मेन काना जे 91.5 लाख रेयाक्आंकड़ा हों वास्तविक विदेशी दाड़ांनको पर्यटककोवाक् लेखाबाढ़ावकातेए उदुक्एत् काना, चेदाक्जे नोआ रे इलाज आर घारोंजखो़न ञामो़क् जेलेका एटाक् कारो़नको ते भारत हिजुक्को हो़ड़हों सेलेत् मेनाक्कोआ। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स रेन अध्यक्षआक् अनुमान मेनाक्आ जे वास्तव रे सा़रियाक्रे भारत हिजुक्विदेशी अवकाश पर्यटककोवाक् लेखा एकेन पासेच् 20 लाख खो़न 30 लाख मेनाक्आ।

## जामा रे दासावेना हासा ओड़ाक्

**खोबोरिया**

**दुमका।** जामा प्रखंड रेयाक् सरसबाद पंचायत रेयाक् महारो आतो रे बुधवार सेताक् आ़डी आंटे दाक् केदा। नोण्डे लागातार दाक् खा़तिर ते सेताक् 9 बजे विमला देवीयाक् हासा ओड़ाक् आचकागे दासाव एना। राहत रेयाक् काथा नोआ ताहेंयेना जे खातरा ञेल तुलुच् जो़तो़ 9हो़ड़ सो़मो़य ताहेंन रे ओड़ाक् खो़नको ओडोक एना, नोआ ते मित्माराङ घो़टो़ना टालाव एना आर जो़तो़ हो़ड़ाक् जिवी बांचाव एना।नोआ घो़टो़ना रे शंकर मंडल, लक्ष्मी देवी, अनिल कुमार मंडल, पूजाकुमारी, नरेश मंडल, कांती देवी,



मिठू कुमार मंडल आर उदय कुमार मंडल घालो़क् पुरा़ घारोंज रेन मो़ंज ते मेनाक्कोआ। चाहे दो़ओड़ाक् भिन्दा़ड़ेन ते ओड़ाक् रेयाक् सामान तेन एना। दुखा़लीघारो़ंज लेकाते, बा़टी थारी डा़पची किचरिच् आटेत साइकिल पारको़म चावले हो़ड़ो़ जो़तो़ बेरबाद् एना। नोआ ते 50 हजार टाकालो़कसान आकाना। मंगलवार हिलोक् आ़डी दाक् खा़तिर हासा को़मजो़रएना।

घो़टो़ना तायो़म सरसबाद रेन मुखिया राजू पुजहार दो़ चिंता़ए सो़दो़र आकादा। उनी दो़ अंचलाधिकारी ठेन दुखा़ली घारोंज रेनतुरा़त राहत सामान, ताहेंन बेबो़सता, जोमाक् आर सरकारी नियमाको लेकाते लेकमान मुआवजा एमावाकोय खो़ज आकादा। आतो हो़ड़ हों जिला प्रशासन ठेन बेघर आकान हो़ड़को उसा़राते गो़ड़ोंवाको ला़गित्को आरो़ज आकाना।

## आयमा लेकानाक् मुसकिलाक् रान रेय का़मीया चांगेरी घांस

**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** आयुर्वेद रे आयमा रेहेत् रान आर वेजिटेशन दो़ संजीवनी बाराबा़रीको मेतावात् काना। ओनाको मुद खो़न मित्टेन नोआ चांगेरी घांस हों काना। नोआ चांगेरी घांस दो़ रान ला़गित् तेआयुर्वेद रे आ़डी मो़हो़तानाक् गेया। नोआ घांस दो़ आबोवाक्ओड़ाक् आडे-पासे, खा़ली खेत आर नोन्डे हा़बिच् गामला रे हों आलगाते जानो़मो़क्आ, मेनखान बाडाय बाङ ते आबो दो़ नोआ घांस मेन कातेत्बोन तुत् गिडीकाक् काना। चांगेरी घांस रेयाक्



पाछनाव दो़ पेया गो़ल गे साकामो़क् काना, नोआ दो़ आकार दिल लेका ताहेंन काना।नोआ रे का़टिच्-का़टिच् सासाङ गे बाहाक्आ। आयुर्वेदिक पुथीरे चरक संहित आर सुश्रुत संहिता रे चांगेरी रेयाक् मो़हो़त्,बेवहार आर नोआ रेयाक् जो़म बाबो़त रे फायलाव तेको ओ़लाकादा। आयुर्वेद लेका ते नोआ घांस दो़ हो़ड़मो़ रेयाक् तंत्रको रे मोजपो़रहो़ ञामो़क् काना आर आयमा मुसकिलाक् खो़न पो़रहो़ञामो़क् काना। हाजाम ला़गित् ते चांगेरी घांस दो़ आ़डी बेवहारानगेया। नोआ जो़म ते लाच् हासु, गैस, पुलुच् आर हेमोरोइड लेकानमुसकिलाक् रे पो़रहो़ ञामो़क् काना। नोआ दो़ लाच् रे मेनाक्को हार्मफुल बैक्टीरीया रा़खी जुगा़उ ला़गित् ते गो़ड़ो़ ञामो़क् काना।नोआ ते हाजाम ला़गित् ते दाड़े ञामो़क् काना आर लाच् रे मुसकिलाक्को मेनाक् खान को़मेत् काना। हार्ट निपुट दो़हो़यला़गित् ते चांगेरी घांस दो़ पो़रहो़वान गेया। नोआ रे पोटेशियम,कैल्शियम, विटामिन सी, कैरोटीन आर ऑक्सलेट लेकान विटामीनताहेंन काना, नोआ दो़ हार्ट मो़ज ताहेंन ला़गित् ते गो़ड़ो़ ञामो़क्काना। नोआ दो़ मायाङ आर्टरी रे वसा बाय केटेच् आचोया आरहासुको हो़ंय को़मेत् काना, चांगेरी बेवहार ते जांडको हों केटेच्एत् काना आर डांडा हासु लेकान मुसकिलाक् रे हों़पो़रहो़ ञामो़क् काना।

## गोपीकांदर : ओड़मो आर कुश्चिरा रे पीएआई आर सामाजिक रीसॉर्स मैप कार्यशाला, ओरामेना



**खोबोरिया**

**गोपीकांदर ।** प्रखंड रेयाक् ओड़मो आर कुश्चिरा पंचायत सचिवालय रे मुखिया़ जो़गाय गृही आक् आ़युर रे पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स(पीएआई) आर सामाजिक रीसॉर्स मैप (एसआरएम) बेनाव आाकात् मैप दो़फाइनल ला़गित् ते पंचायत ता़री रे दो़सार धाव कार्यशाला ओरामेना। कार्यशाला रे पंचायत रेन जनप्रतिनिधिको, वार्ड सदस्यको, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, जेएसएलपीएस प्रतिनिधि, सिनी संस्था रेन प्रतिनिधिको आर आयमा लेखा रे आतो हो़ड़को सेलेत्आकान ताहेंना। कार्यशाला ताक रे पंचायत रेयाक् जो़तो़ आतो खो़नबेनाव आकान सामाजिक रीसॉर्स मैप पा़री-पा़री तेको गापालमारावकेदा। गापालमाराव ताक मैप रे जा़रूड़ानाक् संशोधन आर सुधा़रकोहोयेना, आंगनबाड़ी केंद्र, विधालय, स्वास्थ्य उपकेंद्र, चापाकल, कुञ,गा़ड़िया़, सो़ड़ो़क, मंदिर आर एमान तेयाक् सरकाराक्सो़मपुतीको मो़ज ते बेनाव कातेत्को फाइनल केदा। सेटेर आकानताहेंन सदस्यको होतेते जो़तो़ आतो रेयाक् रीसॉर्स मैप ञेल ओ़नमानकातेत् सर्वसममति ठेन खो़न ओना दो़को मुंजुर केदा। सांव ते गे गोटाकेदा जे पंचायत रेयाक् समेकित सामाजिक रीसॉर्स मैप बेनाव कातेत् पंचायत लाहान्ती पोन्था मो़ज ते चालाव बेनावा। दुपुड्डुप् मुचा़त् रे महोदयहोतेते सिनी संस्था दाराय ते एमावाकोकान तकनीकी गो़ड़ो़ आर उदुक्ला़गित् तेय सारहाव केत्कोआ। का़मीहो़रा रे पंचायत सचिव रोबिनहेंब्रम सिनी, सिनी संस्था के सुपरवाइजर इर इरशाद अंसारी आर अभिमन्यू महतो, सोम मोहली, वार्ड सदस्य, लाई ते पंचायत के जनप्रतिनिधि, फ्रंटलाइन कार्यकर्ता आर आतो हो़ड़को सेटेर आकान ताहेंना।

# दुमका : जनजातीय छात्रों की राह होगी आसान, सांसद व विधायक ने रखी 100 बेड के छात्रावास की आधारशिला



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** जिले के काठीकुंड प्रखंड में जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के स्तर को सुधारने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। काठीकुंड प्लस टू हाई स्कूल परिसर में तेज बारिश के बीच एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय सांसद नलिन सोरेन और विधायक आलोक कुमार सोरेन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और शिलापट्ट का अनावरण कर 100 बेड वाले भव्य तीन मंजिला छात्रावास का शिलान्यास किया। इस पूरे प्रोजेक्ट पर कुल 2.29 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। इस आवासीय परिसर का निर्माण केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कराया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सुदूर ग्रामीण और जनजातीय इलाकों में बुनियादी सुविधाओं का विकास करना है। इस नए छात्रावास के निर्माण की जिम्मेदारी उषा रिवल स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड नाम की निर्माण एजेंसी को सौंपी गई है, जिसे तय समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। शिलान्यास के इस गरिमामयी अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और राजनीतिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इनमें मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हाजी अब्दुल जब्बार अंसारी, संदीप सोरेन, लतीफ अंसारी, आबुल, रजनीश कुमार और मिट्टू भगत सहित भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व छात्र उपस्थित थे।

# होटल-ढाबों पर कसेगा शिकंजा : गुणवत्ता में कोताही पर लगेगा भारी जुर्माना

ब्यूरो

**दुमका।** जिले में अब आम लोगों और स्कूली बच्चों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों की खैर नहीं है। दुमका जिला प्रशासन ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। बुधवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने संबंधित अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की, जिसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया कि रेस्टोरेंट से लेकर हॉस्टल की थाली तक, हर जगह परोसे जाने वाले भोजन की सघन जांच की जाए।

---

**होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को खुली चेतावनी**

उपायुक्त ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को जिले भर के सभी रेस्टोरेंट, होटल, ढाबों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित और सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि जांच के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता को सर्वोपरि रखा जाए। यदि कोई भी प्रतिष्ठान निर्धारित मानकों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। दोषी पाए जाने पर सिर्फ जुर्माना ही नहीं वसूला जाएगा, बल्कि जरूरत पड़ने पर उस प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से सील भी कर दिया जाएगा।



---

**रडार पर आवासीय विद्यालय- रसोई से थाली तक होगी पड़ताल**

प्रशासन के निशाने पर सिर्फ व्यावसायिक प्रतिष्ठान ही नहीं, बल्कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित जिले के सभी आवासीय विद्यालय भी हैं। डीसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बच्चों को मिलने वाले भोजन में पौष्टिकता और शुद्धता हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए स्कूलों की रसोई में इस्तेमाल होने वाले कच्चे राशन से लेकर बच्चों की थाली में परोसे जाने वाले तैयार भोजन तक की कड़ी जांच की जाएगी।

---

**स्वास्थ्य से जुड़ा मसला, लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

बैठक के अंत में उपायुक्त ने साफ कर दिया कि यह सीधे तौर पर जनमानस के स्वास्थ्य से जुड़ा संवेदनशील मसला है। इसमें किसी भी अधिकारी या प्रतिष्ठान संचालक द्वारा बरती गई लापरवाही पर कोई नरमी नहीं दिखाई जाएगी। जिला प्रशासन हर नागरिक को शुद्ध, पौष्टिक और मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## बिना नंबर प्लेट वाहन से एमडीएम चावल का उठाव, कालाबाजारी की आशंका



**सरैयाहाट ।** सरैयाहाट स्थित एफसीआई गोदाम से मध्याह्न भोजन (एमडीएम) योजना के चावल के उठाव में नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहन से सरकारी चावल का उठाव किया जा रहा है। इससे चावल की कालाबाजारी की आशंका गहरा गई है और खाद्यान्न की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहन को एफसीआई गोदाम से सरकारी खाद्यान्न उठाने की अनुमति कैसे मिली। नियमानुसार खाद्यान्न के परिवहन में प्रयुक्त वाहन की पहचान और उससे संबंधित दस्तावेजों का रिकॉर्ड होना जरूरी है। ऐसे में बिना नंबर प्लेट वाहन से चावल ले जाने की घटना ने गोदाम की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एमडीएम का चावल सरकारी स्कूलों में बच्चों के भोजन के लिए आवंटित होता है। इसलिए इसके उठाव और परिवहन में पारदर्शिता जरूरी है। लोगों ने पूरे मामले की जांच कर यह पता लगाने की मांग की है कि वाहन किसके नाम से है, कितनी मात्रा में चावल उठाया गया और उसे कहां भेजा गया। इधर, मामले में उठाव पंजी, चालान, स्टॉक रजिस्टर और वाहन के दस्तावेजों की जांच किए जाने की जरूरत है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बिना नंबर प्लेट वाहन से चावल का उठाव किस परिस्थिति में हुआ और इसमें नियमों का उल्लंघन हुआ है या नहीं।

## इग्नू में नामांकन और री-रजिस्ट्रेशन की तिथि 15 तक बढ़ी

**रानीश्वर ।** उच्च शिक्षा की दिशा में कदम बढ़ाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण और राहत भरी खबर है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के देवघर क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार, मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र (कोड 87019) में जुलाई 2026 सत्र के लिए नए नामांकन (न्यू एडमिशन) और री-रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि को विस्तारित कर दिया गया है। अब इच्छुक विद्यार्थी आगामी 15 सितंबर 2026 तक अपना आवेदन ऑनलाइन माध्यम से जमा कर सकते हैं। अध्ययन केंद्र के समन्वयकों ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं ने किसी भी कारणवश अब तक अपना नया नामांकन या अगले वर्ष/सेमेस्टर के लिए री-रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, वे इस बढ़े हुए समय का लाभ उठा सकते हैं। यह अवसर उन विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है जो अपनी पढ़ाई को निरंतर जारी रखना चाहते हैं।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता सर्वेश्वर मंडल का निधन



**सरैयाहाट ।** सरैयाहाट प्रखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता सर्वेश्वर मंडल का बुधवार की रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे करीब 70 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। सर्वेश्वर मंडल जनसंघ के समय से ही संगठन से जुड़े हुए थे। उन्होंने लंबे समय तक पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया और सरैयाहाट प्रखंड में भाजपा संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण के कारण कार्यकर्ताओं के बीच उनका विशेष सम्मान था। उनके निधन की सुचना पर बुधवार को बड़ी संख्या में लोग माथाकेशो स्थित आवास पर पहुँच श्रद्धांजलि दी। नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

## कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया



**जरमुंडी ।** कांग्रेस के लोकसभा में नेता के प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ उत्तराखंड में दर्ज एफआईआर का जरमुंडी प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को स्थानीय नंदी चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध-प्रदर्शन किया। इस मौके पर जरमुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई है। इस अवसर पर जिला महासचिव महादेव यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश यादव,महासचिव विजय मसात,कन्हाई रजक,उमेश यादव,इम्तियाज़ अंसारी, अजय कुमार वैद्य, जयकिशोर साह, कामेश्वर मंडल, संतोष यादव, राजेश शर्मा, राजू साह, सकील मियाँ ,दिनेश भंडारी, विकास यादव,सुबोध मिश्रा,पिंकु पंडा,निजामुद्दीन अंसारी, इरफ़ान अंसारी आदि उपस्थित थे।

## जंगली सूअरों ने मक्का की फसल को रौंदा

**मसलिया ।** मसलिया थाना क्षेत्र के बड़ा डुमरिया पंचायत अंतर्गत नवजोड़ा गांव में जंगली सूअरों के झुंड ने एक किसान की पांच कट्ठा मक्का की फसल को रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। घटना मंगलवार की देर रात की बताई जा रही है। सुबह खेत पहुंचने पर फसल की हालत देखकर किसान के सामने परिवार की जरूरतें पूरी करने की चिंता खड़ी हो गई। पीड़ित किसान राधेश्याम सिंह ने बताया कि उन्होंने करीब पांच कट्ठा जमीन में मक्का की उन्नत किस्म की खेती की थी। फसल को तैयार करने में करीब एक महीने से लगातार मेहनत कर रहे थे। मंगलवार रात गुमरो पहाड़ की ओर से आए करीब आठ से दस जंगली सूअरों के झुंड ने खेत में घुसकर मक्का की पूरी फसल को रौंद डाला। कई पौधे टूटकर जमीन पर गिर गए, जबकि खेत में चारों ओर सूअरों के पैरों के निशान दिखाई दे रहे थे। राधेश्याम ने बताया कि गांव के किसानों के लिए खेती ही आय का प्रमुख साधन है।

## मॉल की पार्किंग से ग्लैमर बाइक गायब

**दुमका ।** वी टू मॉल की पार्किंग से एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए चोर ने एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। घटना के संबंध में पीड़ित ने दुमका टाउन थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घनश्याम पंडित ने बीते 31 अगस्त को अपनी नीले रंग की ग्लैमर बाइक रजिस्ट्रेशन नंबर- जेएच04एम 0192 को वी टू मॉल की पार्किंग में खड़ी करके अपने किसी काम से गए थे। जब वह वापस आए तो पार्किंग स्थल से उनकी मोटरसाइकिल गायब थी।

# धूमधाम से एसपी कॉलेज का मना स्थापना दिवस

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** लगातार हो रही बारिश के बीच संताल परगना महाविद्यालय, दुमका का स्थापना दिवस बुधवार को गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। बारिश की फुहारों के बावजूद शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बना। समारोह में महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास को याद करने के साथ विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय बाबा लाल हेमब्रम की प्रतिमा पर प्राचार्य डॉ. केपी यादव द्वारा माल्यार्पण के साथ हुई। वक्ताओं ने कहा कि एसपी कॉलेज का इतिहास संताल परगना में उच्च शिक्षा और शैक्षणिक चेतना के विकास से जुड़ा रहा है। स्वर्गीय बाबा लाल हेमब्रम के प्रयासों और सहयोग से वर्ष 1954 में महाविद्यालय की आधारशिला रखी गई थी। स्थापना के बाद से कॉलेज ने क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान कर ज्ञान, सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



---

स्थापना दिवस समारोह के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय, दुमका की ओर से हेल्प डेस्क मैनेजर कुमार सूरज और अमित मुर्मू ने विद्यार्थियों को एसआईआर 2026 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, अपने नाम एवं विवरण का सत्यापन करने तथा पात्र युवाओं के मतदाता के रूप में पंजीकरण की प्रक्रिया समझायी गयी।

---

अधिकारियों ने खास तौर पर उन विद्यार्थियों को जागरूक किया, जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं अथवा 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष के हो जाएंगे। उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कहा गया कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

---

स्थापना दिवस समारोह में कॉलेज की गौरवशाली विरासत और विद्यार्थियों की वर्तमान लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों को एक साथ जोड़ा गया। वक्ताओं ने कहा कि युवा देश के लोकतांत्रिक भविष्य की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

विद्यार्थियों में मतदान और मतदाता पंजीकरण को लेकर जागरूकता लोकतंत्र को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकती है।

---

लगातार बारिश के बावजूद कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों की अच्छी उपस्थिति रही। इससे समारोह में उत्साह और उल्लास बना रहा। कार्यक्रम में डॉ. वेद प्रकाश सहाय, डॉ. ऋषिकेश कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. केबी टोप्पो, डॉ. इंद्रजीत कुमार, डॉ. कुमार नृपेंद्र पाठक, डॉ. बिनीता रानी टोप्पो, डॉ. मनीषा कच्छप, डॉ. त्रिजा जेनिफर टोप्पो, डॉ. मिताली विश्वास, डॉ. चंद्रशेखर रजक और डॉ. यदुवंश यादव समेत अन्य शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

## रुपये न देने पर घर में घुसकर मारपीट, बक्सा लेकर भागे दबंग

संवाददाता

**दुमका।** नगर के रसिकपुर रोड सोनवाडंगाल इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ की निवासी कल्याणी देवी ने न्याय न मिलने पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी यानी सीजेएम के न्यायालय में एक परिवादपत्र दाखिल किया है। इस शिकायत में उन्होंने पशुपति दीक्षित, रीभा देवी और शिवम दीक्षित के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, छेड़खानी और लूटपाट करने के बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं।

परिवादपत्र में दी गई जानकारी के अनुसार यह पूरी घटना बीती 12 अगस्त 2026 की रात करीब 10 बजे की है। कल्याणी देवी का आरोप है कि तीनों आरोपित उनके घर का लकड़ी का दरवाजा तोड़कर जबरन अंदर घुस आए। घर में दाखिल होते ही उन्होंने एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। जब कल्याणी देवी ने इतने रुपये देने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपितों ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। इस दौरान रीभा देवी ने कल्याणी को कसकर पकड़ रखा था। मारपीट के कारण जब कल्याणी देवी जमीन पर गिर गईं, तो आरोपित घर में रखा एक बॉक्स उठाकर भाग गए, जिसमें 50 हजार रुपये नकद रखे हुए थे।

जब कल्याणी देवी ने अपनी जान बचाने के लिए शोर मचाया, तो उनकी आवाज सुनकर आसपास के गवाह मौके पर पहुंचे। लेकिन आरोपितों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने बीच-बचाव करने आए गवाहों को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित महिला ने पशुपति दीक्षित पर आरोप लगाया है कि उसने गवाह नंद किशोर दीक्षित की जेब से जबरन पांच हजार रुपये निकाल लिए। इसके अलावा शिवम दीक्षित पर बेहद शर्मनाक हरकत करने का आरोप है।

## शातिर ठगों का आतंक : महिला से उड़ाए सोने के गहने और नकदी

संवाददाता

**दुमका।** झारखंड के दुमका शहर में ठगों के हौसले बुलंद हैं। यहां एक ऐसा हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां अज्ञात ठगों ने दिनदहाड़े एक महिला को अपनी बातों के ऐसे जाल में फंसाया कि उसने खुद ही अपने सारे गहने और नकदी उनके हवाले कर दिए। घटना के बाद जब तक महिला को ठगी का एहसास हुआ, तब तक शातिर ठग वहां से रफूचक्कर हो चुके थे।

यह पूरी घटना दुमका टाउन थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता सुनीता हांसदा पति संतोष कुमार टुडू बक्सी बांध इलाके में उर्शुला अस्पताल के पीछे किराये के मकान में रहती हैं। बीते 31 अगस्त 2026 को जब वह स्कूल से वापस अपने घर लौटीं, तभी कुछ अज्ञात लोग उनके पास पहुंचे। उन्होंने बातचीत के बहाने महिला को अपनी बातों में इस कदर उलझा लिया कि महिला कुछ समझ ही नहीं पाई।

ठगों ने बातों ही बातों में महिला से उनके पहने हुए गहने और रुपये निकालने को कहा। उनके झांसे में आकर सुनीता ने अपनी सात ग्राम सोने की माला, दो ग्राम की कान की बाली, एक ग्राम की सोने की अंगूठी और 1500 रुपये नकद निकालकर उन अनजान लोगों के हाथों में रख दिए। करीब 10 ग्राम सोने के कीमती जेवर और नकदी लेकर ठग वहां से तुरंत निकल गए। घटना के पांच से दस मिनट बीत जाने के बाद जब महिला सामान्य स्थिति में आई, तब उसे अचानक एहसास हुआ कि वह एक बड़ी ठगी का शिकार हो चुकी है और अपने कीमती गहने गंवा बैठी है। इसके बाद बदहवास पीड़िता ने तुरंत पुलिस को इस घटना की सूचना दी।

दुमका टाउन थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता के आवेदन के आधार पर कांड संख्या 160/2026 दर्ज कर लिया है।

## मुंबई के 'परेलचा महाराजा' की तर्ज पर दुमका में होगा गणेश महोत्सव

**20 फीट की प्रतिमा बनेगी आकर्षण का केंद्र**



ब्यूरो

**दुमका।** नगर के बाँध पाड़ा में इस वर्ष का गणेश उत्सव बेहद भव्य और ऐतिहासिक होने जा रहा है। श्री श्री 108 सार्वजनिक गणेश पूजा समिति ने पिछले वर्ष श्रद्धालुओं से जो वादा किया था, उसे पूरा करने के लिए इस बार एक अनोखी तैयारी की है। आगामी 14 सितंबर से शुरू होने वाले इस तीन दिवसीय गणेशोत्सव में भक्तों को भगवान श्री गणेश का एक ऐसा अद्भुत स्वरूप देखने को मिलेगा, जो पूरे झारखंड में चर्चा का विषय बन जाएगा।

इस साल बाँध पाड़ा में मुंबई की प्रसिद्ध %परळचा महाराजा% की थीम से प्रेरित होकर भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा बनाई जा रही है। मुंबई में इस विशेष बैलेंसिंग थीम को मशहूर मूर्तिकार अरुण दत्ता ने पेश किया था, जो काफी प्रसिद्ध हुई थी। अब उसी कला की झलक दुमका में भी दिखाई देगी, जहाँ लगभग 20 फीट ऊँची प्रतिमा अपने अनोखे बैलेंसिंग स्वरूप में हवा में संतुलित नजर आएगी। यह जादुई और कलात्मक रूप श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण रहेगा।

इस भव्य कलाकृति को कोई बाहरी कलाकार नहीं, बल्कि दुमका के ही स्थानीय हुनरमंद कारीगर भागीरथ मिस्त्री और उनके दो बेटे बी. के. शर्मा उर्फ विक्की शर्मा एवं सी. के. शर्मा तैयार कर रहे हैं। स्थानीय प्रतिभा को मंच देते हुए समिति इस भव्य प्रतिमा के निर्माण पर करीब ढाई लाख रुपये की लागत लगा रही है।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, डीसी ने परखी सत्यापन प्रक्रिया



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर चल रहे सत्यापन कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन से जुड़े दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की और प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही, त्रुटि या शिथिलता की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि ईआरओ, एईआरओ और अतिरिक्त एईआरओ द्वारा भेजे गए सभी दस्तावेजों का सत्यापन भारत निर्वाचन आयोग के मानकों और दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी गंभीरता व पारदर्शिता से किया जाए।

उन्होंने कार्यालय में तैनात कर्मियों को आपसी तालमेल बनाकर समयबद्ध तरीके से कार्य निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि प्रक्रिया के दौरान कोई तकनीकी बाधा या समस्या सामने आती है, तो तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित कर उसका त्वरित समाधान निकालें। निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सत्यापन कार्य की नियमित समीक्षा और सतत निगरानी बनाए रखने का आदेश दिया।

## उपराजधानी में जन्माष्टमी की महाधूम

**दुमका।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर झारखंड की उपराजधानी दुमका में उत्साह अपने चरम पर है। शहर के प्राचीन मंदिरों से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक हर तरफ उल्लास और भक्ति का माहौल है। श्रीकृष्णाष्टमी के पावन अवसर पर दुमका के विभिन्न कृष्ण मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है, जहां मध्यरात्रि में भगवान के जन्म पर विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती, झांकी और भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। शहर के रसिकपुर और कुम्हारपाड़ा स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर सहित प्राचीन श्री शिव गोपाल मंदिर में जन्माष्टमी की विशेष तैयारियां चल रही हैं। इस वर्ष आकर्षण का मुख्य केंद्र इस्कॉन दुमका द्वारा आयोजित होने वाला दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 2026 रहेगा। 4 और 5 सितंबर को आयोजित होने वाले इस महोत्सव की शुरुआत 4 सितंबर की सुबह 9 बजे एक विशाल शोभा यात्रा और नगर संकीर्तन से होगी। इसके बाद बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिताएं और रात 8 बजे से कीर्तन मेला व महा अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। 5 सितंबर को प्रभुपाद ग्लोरिफिकेशन और कथा-कीर्तन के साथ भव्य प्रसाद का वितरण होगा। दूसरी ओर, प्रांतीय यादव महासभा झारखंड दुमका द्वारा स्थानीय महुआडंगाल में भी दो दिवसीय भव्य जन्मोत्सव की तैयारी की गई है।

## 24 साल देश की सेवा के बाद गांव लौटे हवलदार नवल किशोर का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**सरैयाहाट ।** भारतीय सेना में करीब 24 वर्षों तक देश की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त होकर अपने पैतृक गांव लौटे हवलदार नवल किशोर यादव का बुधवार को हंसडीहा में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। बारिश के बावजूद उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोग हंसडीहा रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्टेशन से बनहेती गांव तक निकली स्वागत यात्रा में देशभक्ति गीतों और भारत माता की जय के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। सेवानिवृत्ति के बाद बुधवार को हंसडीहा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पहले से मौजूद परिजनों, मित्रों और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। उनके सम्मान में वाहन को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इसके बाद स्टेशन से बनहेती स्थित उनके पैतृक गांव तक स्वागत जुलूस निकाला गया।

## पलटन हेंब्रम का निधन, परिजनों से मिले विधायक

**काठीकुंड/शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत काठीकुंड प्रखंड की बड़ा चापुड़िया पंचायत के ग्राम बड़ा चापुड़िया निवासी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय व समर्पित कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया पलटन हेंब्रम के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन की दुःखद सूचना मिलते ही शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री आलोक कुमार सोरेन तुरंत उनके पैतृक आवास पहुंचे। विधायक श्री सोरेन ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस अत्यंत कठिन घड़ी में पीड़ित परिवार के प्रति अपनी पूरी सहानुभूति प्रकट की। परिजनों को सांत्वना देते हुए माननीय विधायक ने कहा कि पार्टी के एक बेहद समर्पित, निष्ठावान और कर्मठ कार्यकर्ता का असमय चले जाना संगठन और पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई नामुमकिन है।

## समाजसेवी कुमार विनोद की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**देवघर।** देवघर जिला नागरिक मंच की ओर से बुधवार को करौं में समाजसेवी कुमार विनोद की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मंच के सदस्यों ने उनके जीवन, संघर्ष और सामाजिक कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि कुमार विनोद आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और संघर्ष हमेशा लोगों के बीच जीवित रहेंगे। वे भ्रष्टाचार विरोधी मंच के संस्थापक और शोषित, वंचित, पीड़ित तथा आदिवासी समुदाय की आवाज उठाने वाले निडर सामाजिक कार्यकर्ता थे। कार्यक्रम में संतोष सिंह, राजीव सोरेन, वकील सोरेन, राहुल राणा, संजय रवानी, कृष्णा भंडारी, सुमन दास, कुंदन, हरीशन मुर्मू, रंजीत यादव, सरोज यादव और राजेंद्र हेम्ब्रम समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## नेपाल बाढ़ से हुई जनहानि पर शोकसभा

**शिकारीपाड़ा(दुमका) ।** प्रखंड के सारसाजोल स्थित उच्च विद्यालय सारसाजोल में नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ एवं ग्लेशियर टूटने से हुई जनहानि पर शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा में विद्यालय परिवार ने नेपाल में आई भीषण प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रधानाध्यापक असीम कुमार मंडल ने कहा कि आपदा की कोई सीमा नहीं होती। ऐसे कठिन समय में मानवता को जाति, धर्म और देश की सीमाओं से ऊपर उठकर पीड़ितों के साथ खड़ा होना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक मुकेश कुमार पाल, हराधन मंडल सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर से कॉइल चोरी, 20 घरों में अंधेरा

**मसलिया ।** मसलिया थाना क्षेत्र में चोरों के बढ़ते हौसले ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। पिछले तीन दिनों से लगातार अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाएं सामने आने के बावजूद पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। बीते 15 दिनों में 41 पोल बिजली तार चोरी होने के बाद अब चोरों ने ट्रांसफार्मरों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। ताजा मामला रानीघाघर पंचायत के केंदडंगाल गांव के सीगालपुर टोला का है। यहां मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने 10 केवीए के ट्रांसफार्मर को खोलकर उसका कीमती कॉइल निकाल लिया। चोरी के बाद टोला के करीब 20 घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर के पास उपकरण बिखरे देखे तो चोरी का पता चला। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग के भरोसे रहने वाले गांवों में ट्रांसफार्मर ही बिजली का मुख्य सहारा है।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686